CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 50 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 10 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8

## भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व से पर्यावरण संरक्षण अभियान बुलंदियों पर, प्रदेश तेजी से हो रहा प्लास्टिक कचरे से मुक्त

### 16 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किए गए प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान 2026 का सफलतापूर्वक हुआ संपादन, लोगों का समर्थन भी भरपूर मिला, जन जागृति में भी आई तेजी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में पिछले 2 साल में प्रदेश भर के छोटे बड़े शहरों में सफाई व्यवस्था में जबरदस्त सुधार हुआ है इसकी वजह से प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण अभियान को भी जोरदार गति मिली हुई है। इसमें सबसे बड़ी सफलता यह है कि प्रदेश के लोग प्लास्टिक की सामग्री का उपयोग करने से बच रहे हैं लोगों ने प्लास्टिक की थैलियां इत्यादि का उपयोग करना बंद कर दिया है। जिसकी वजह से छोटे बड़े शहरों में प्लास्टिक की वजह से छोटे-बड़े नालों में और सीवरेज लाइन में भीषण कचरे की जो समस्या बनी रहती थी उससे अब मुक्ति मिलने लगी है । जानकारी के अनुसार पिछली 16 फरवरी से 28 फरवरी तक प्रदेश भर में प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान 2026 का आयोजन किया गया था यह अभियान पूरी तरह से सफल रहा है जिस संकल्प और मकसद के साथ यह अभियान शुरू किया गया था उसके बहुत अच्छे परिणाम सामने आए हैं । जानकारी के अनुसार इस अभियान के माध्यम से एक तरफ जहां प्रदेश के लोगों ने खुद आगे बढ़कर प्लास्टिक की थैलियां की जगह कपड़े के बैग्स उपयोग में लेने लगे हैं तो दूसरी तरफ सरकार ने भी विभिन्न एनजीओ और सामाजिक संगठनों तथा व्यापारिक संगठनों के सहयोग से लोगों में प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान को लेकर जोरदार जनजाति पैदा की जिसके काफी अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं ।



### प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने के लिए आमजन ने ली शपथ

जानकारी के अनुसार राज्य भर की ग्राम पंचायत प्रशासन ने भी प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान को लेकर जोरदार तरीके से अपनी भूमिका निभाई है इसके लिए पंचायत प्रशासन की ओर से कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया ग्राम पंचायत, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, जल स्रोतों, धार्मिक स्थलोंऔर बाजार क्षेत्र में स्वच्छता रेलिया चौपाल श्रमदान पोस्ट और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन करके लोगों में जन जागृति पैदा करने का प्रयास किया गया। दुकानदारों के साथ संवाद किया गया अभियान के दौरान कई स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाई गई और जमाने की कार्रवाई भी की गई बड़ी संख्या में लोगों ने प्लास्टिक कचरा मुक्त वातावरण बनाए रखने और कचरा पृथक्करण अपने की शपथ ली जिससे प्लास्टिक मुक्त राजस्थान का संकल्प धरातल पर सरकार हो सका मुख्यमंत्री की पहल से चलाए जा रहे इस तरह के जनहित कार्य अभियान प्रदेश में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को नई मजबूती दे रहे हैं राजस्थान अब स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर तेजी से अग्रसर है ।

### विशेष अभियान में लाखों लोगों ने लिया हिस्सा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 16 फरवरी से 28 फरवरी तक प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान 2026 का जो आयोजन किया गया इसमें प्रदेश भर में अभूतपूर्व जन समर्थन भी हासिल हुआ है अभियान के दौरान 18 लाख 61000 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा लगभग 39000 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया इस इन कचरो के पुनर्चक्रण और वैज्ञानिक निस्तारण से लगभग रुपए का राजस्व भी प्राप्त हुआ जो अभियान की प्रभावशीलता को दर्शाता है ।

### विद्यालय और महिला समूह की सक्रिय भागीदारी

इस अभियान में प्रदेश भर के विद्यालय, महिला समूह और स्वयंसेवी संगठनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को स्वच्छ स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए लगातार जन भागीदारी पर जोर दिया था इसी वजह से ग्राम पंचायत विद्यालयों स्वयंसेवी संगठनों महिला समूह और आम नागरिकों ने उत्साह पूर्वक अभियान में हिस्सा लिया जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जनसभाओं में भी अक्सर लोगों को पर्यावरण संरक्षण, साफ सफाई रखना, पेड़ लगाने इत्यादि बातों का जिक्र जरूर करते हैं जिसका अच्छा असर प्रदेश के लोगों पर हुआ है इसी वजह से लोग अब खुद आगे बढ़कर प्लास्टिक का उपयोग करने से पीछे हट रहे हैं । लोग अगर बाजार भी जाते हैं तो अधिकांश लोगों के हाथों में कपड़े का बैग ही नजर आता है इस मामले में व्यापारिक वर्ग और दुकानदार भी अब पहले की तुलना में ज्यादा सक्रिय हुए हैं क्योंकि सरकार ने प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध भी लगाया हुआ है इसलिए सरकार इस रूल का कड़ाई से पालन भी करवा रही है फिर भी अभी इस मामले में और सुधार की गुंजाइश है क्योंकि अब भी कई जगहों पर छोटे ठेले वाले और छोटे व्यापारी ग्राहकों को प्लास्टिक की थैली में ही सामान दे रहे हैं इसलिए सरकार आने वाले दिनों में नियम और कानून का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का मन भी बना रही है ।

## हाई कोर्ट ने चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2024 में जीरो नंबर लाने वालों को भी नियुक्ति देने के मामले में नाराजगी जताई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट ने चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा 2024 में जीरो नंबर लाने वाले अभ्यर्थियों को भी नौकरी देने के मामले पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि इस तरह की प्रक्रियाओं में सरकार को न्यूनतम मापदंड तो निश्चित करना ही चाहिए सरकारी सेवा में बेसिक मापदंड बहुत जरूरी है। हाई कोर्ट ने इस मामले में सरकार की ओर से शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने पर भी नाराजगी जाहिर की और इस मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को सुनिश्चित की जानकारी के अनुसार झुंझुनूं निवासी विनोद कुमार की ओर से हाईकोर्ट में प्रस्तुत की गई याचिका पर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के जज आनंद शर्मा की ओर से सोमवार को इस मामले की सुनवाई हुई जिसमें न्यायाधीश ने चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा में न्यूनतम मापदंड निश्चित नहीं करने पर अचरज जताया और कहा कि यह कैसे हो सकता है कि जीरो नंबर लाने वाले को भी नियुक्ति दी गई हो हाई कोर्ट ने कहा कि भर्ती परीक्षा का पेपर या तो काफी कठिन था या फिर जानबूझकर ऐसा किया गया । फिलहाल हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई 7 अप्रैल को निर्धारित की है अब इस मामले की सुनवाई 7 अप्रैल को होगी जिसमें सरकार को शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना पड़ सकता है क्योंकि सोमवार को जज ने सरकार की ओर से इस मामले में शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई थी जानकारी के अनुसार झुंझुनूं निवासी विनोद कुमार ने हाईकोर्ट में प्रस्तुत अपनी याचिका में कहा था कि चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा 2024 में उन अभ्यार्थियों को भी नियुक्ति मिली है जिन्होंने इस भर्ती परीक्षा में जीरो अंक हासिल किया इसलिए सरकार की ओर से जब जीरो अंक लाने वाले अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति पत्र दे दिया गया हो तो फिर इस भर्ती परीक्षा का आयोजन क्यों किया गया विनोद कुमार ने और भी कई गंभीर सवाल खड़े किए थे जिस पर हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की ।

## चांदी 4500 और सोना 1800 रुपए हुआ महंगा, चांदी 269500 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जयपुर सराफा बाजार में सोमवार को एक बार फिर से सोना और चांदी के भाव में उछाल देखने को मिला चांदी के भाव में 4500 और सोने के भाव में 1800 रुपए कीमत की वृद्धि दर्ज की गई । इस तरह से सोमवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी की कीमत 269500 रुपए प्रति किलो के भाव में बेची गई इसी तरह से शुद्ध सोना 164000 रुपए प्रति 10 ग्राम तथा जेवराती सोना 153400 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज किए गए जानकारी के अनुसार जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में पिछले कुछ दिनों से लगातार उछाल देखने को मिल रहा है इसकी वजह से चांदी की कीमत फिर से आसमान छूने लगी है लेकिन सोने और चांदी की कीमत को लेकर सराफा बाजार से जुड़े कारोबारी लोग जितने असमंजस दिख रहे हैं उतने ही लोग भी सोने और चांदी की कीमत को लेकर काफी असमंजस में दिख रहे हैं वजह यह है कि कभी तो सोने और चांदी के दाम कुछ दिनों तक लगातार बढ़ते रहते हैं और फिर बाद में अचानक भाव नीचे गिरने लग जाते हैं इसलिए जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में पिछले कुछ महीनो से लगातार उथल-पुथल देखने को मिल रही है इसलिए जयपुर सराफा बाजार का कारोबार भी ठीक तरह से गति नहीं पड़ रहा वजह यह है कि जो लोग सोने और चांदी में निवेश किया करते थे ।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान पूरे आदिवासी समाज का अपमान : गोपीचंद मीणा

### जनजातीय अस्मिता पर चोट करने वालों को वोट से जवाब देगा आदिवासी समाज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पश्चिम बंगाल में भारत की राष्ट्रपति के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार पर राजस्थान अनुसूचित जनजाति भाजपा मोर्चा ने गहरी चिंता और कड़ा विरोध व्यक्त किया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करके पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला घ्र उन्होंने कहा कि यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा, भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा और पूरे आदिवासी समाज की अस्मिता को आहत करने वाली अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय घटना है। गोपीचंद मीणा ने कहा किराष्ट्रपति पद की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार की उपेक्षा, असंवेदनशीलता या लापरवाही लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रपति पद के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान रखता है, इसलिए इस पद की गरिमा से जुड़ी किसी भी प्रकार की घटना पूरे राष्ट्र की भावनाओं को आहत करती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बंगाल दौरे के स्थान परिवर्तन राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जा सकता, लेकिन इस मामले में आवश्यक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, जो प्रोटोकॉल की गंभीर अवहेलना को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री, मंत्री,मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित होती है, ताकि कार्यक्रम की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। किंतु इस कार्यक्रम में इन अधिकारियों की अनुपस्थिति ने यह स्पष्ट कर



दिया कि राज्य सरकार ने राष्ट्रपति पद की गरिमा के अनुरूप आवश्यक संवेदनशीलता और गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मर्यादाओं के प्रति असम्मानजनक बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गोपीचंद मीणा ने कार्यक्रम में सामने आई प्रशासनिक अव्यवस्थाओं का भी विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों के लिए पास जारी करने की प्रक्रिया में अनावश्यक बाधाएँ उत्पन्न की गईं, जिससे अनेक प्रतिभागियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले मार्गों की समुचित सफाई तक नहीं करवाई गई वहां कचरे के ढेर लगे हुए थे। उन्होंने बताया कि जहां राष्ट्रपति के ठहरने की व्यवस्था की गई थी, वहां भी कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव देखा गया। शौचालयों में पानी तक उपलब्ध नहीं था द्व कार्यक्रम में शामिल लोगों के लिए पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के साथ गंभीर खिलवाड़ है। गोपीचंद मीणा ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केवल भारत की राष्ट्रपति ही नहीं हैं, बल्कि वे देश के करोड़ों आदिवासी नागरिकों की आशा, आत्मसम्मान और गौरव का प्रतीक हैं। एक आदिवासी महिला का देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुँचना भारत के लोकतंत्र की ताकत है। ऐसे में उनके साथ किसी भी प्रकार की अपमानजनक स्थिति पूरे आदिवासी समाज की भावनाओं को गहराई से आहत करती है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रपति पद की गरिमा और आदिवासी समाज के साथ किसी भी प्रकार का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि यह पहली बार नहीं है जब इस प्रकार की घटनाएँ सामने आई हों। पूर्व में भी पश्चिम बंगाल में कुछ नेताओं द्वारा राष्ट्रपति के प्रति अपमानजनक टिप्पणियाँ की गई थीं और आदिवासी समाज की परंपराओं एवं संस्कृति के प्रति अपमानजनक व्यवहार देखने को मिला था ।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति मोर्चा इस पूरे मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रहा है और इसके विरोध में पूरा आदिवासी समाज एकजुट है ।

## सिपरी रिपोर्ट- भारत बना दूसरा बड़ा हथियार आयातक; यूक्रेन शीर्ष पर, चीन शीर्ष 10 से बाहर

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली** भारत 2021 से 2025 के बीच दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक रहा। हथियारों की खरीद का सबसे बड़ा हिस्सा रूस से आया। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की रिपोर्ट में यह जानकारी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में यूक्रेन दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक था, जिसने कुल अंतरराष्ट्रीय हथियार लेन-देन का 9.7 फीसदी हिस्सा प्राप्त किया। इसमें यह भी बताया गया है कि चीन 1991-95 के बाद पहली बार शीर्ष 10 हथियार आयातक देशों में नहीं आया, क्योंकि उसने अपनी घरेलू हथियार उत्पादन क्षमता बढ़ा दी है। रिपोर्ट का नाम 'ट्रेंड्स इन इंटरनेशनल आर्म्स ट्रांसफर्स' है। 2021-25 में अंतरराष्ट्रीय हथियार आपूर्ति का 42 फीसदी हिस्सा अमेरिका ने दिया, जबकि 2016-20 में यह केवल 36 फीसदी था। एशिया और ओशिनिया के चार देश भारत, पाकिस्तान, जापान और ऑस्ट्रेलिया 2021-25 में दुनिया के दस सबसे बड़े हथियार आयातकों में शामिल थे।




## खेजड़ी और हरे पेड़ बचाने को लेकर सरकार जल्दी ही बिल लेकर आएगी : जोगाराम पटेल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के संसदीय कार्य और कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश में खेजड़ी और हरे पेड़ बचाने के लिए सरकार बहुत जल्दी ही बिल लेकर आ रही है इस बिल का स्वरूप करीब करीब बनकर तैयार हो गया है और यह बिल बहुत जल्दी ही लाया जाएगा, पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस बिल का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए एक कमेटी गठित की है इस कमेटी का अध्यक्ष में हूं और मैं आज ही इस बिल को लेकर फिर से मीटिंग की है इस मीटिंग में राजस्व विभाग कानून विभाग और वन विभाग के अधिकारी भी शामिल थे मीटिंग में विस्तार से चर्चा हुई है अगली मीटिंग 11 मार्च को होगी। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश दिल्ली मध्य प्रदेश इत्यादि राज्यों के इस संदर्भ में बनाए गए बिलों की स्टडी की है जिसमें इन राज्यों ने हरे पेड़ों पर एक्ट बनाया हुआ है इन राज्यों के विभिन्न एक्ट की हमने गंभीरता से स्टडी की है हमारी कमेटी गंभीरता से इस विषय को देख रही है करीब करीब बिल का स्वरूप तैयार



हो गया है अगली 11 मार्च को होने वाली मीटिंग काफी महत्वपूर्ण होगी इसलिए खेजड़ी और हरे पेड़ों को लेकर किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है जोगाराम पटेल ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में वृक्षारोपण और वृक्षों के संरक्षण और विस्तार के लिए जो कार्य किया है इतना कार्य अब तक किसी भी पार्टी की सरकार ने नहीं किया उन्होंने कहा कि हमारी सरकार वनों के संरक्षण और विस्तार के अलावा वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए भी कृत संकल्प है । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूरे 5 साल में 50 करोड नए पेड़ लगाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है इसलिए किसी को भी यह संशय नहीं होना चाहिए कि प्रदेश की भजन लाल सरकार खेजड़ी और हरे पेड़ों को लेकर गंभीर नहीं है उल्लेखनीय है कि प्रदेश में खेजड़ी बचाओ आंदोलन बीकानेर और पश्चिमी राजस्थान के अन्य जिलों में अब भी जोर-जोर से जारी है पश्चिमी राजस्थान के साधु संत सामाजिक संगठन और कांग्रेस पार्टी के नेता खेजड़ी बचाओ आंदोलन को लेकर एकजुट भी नजर आ रहे हैं राजस्थान विधानसभा में भी कांग्रेस के विधायक हरीश चौधरी निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी और कांग्रेस पार्टी के कई अन्य विधायकों ने पश्चिमी राजस्थान में सोलर प्रोजेक्ट स्थापित करने के दौरान कंपनियों की ओर से बड़ी संख्या में काटे गए खेजड़ी के पेड़ को लेकर साधु संत और सामाजिक संगठन जोरदार विरोध कर रहे हैं पिछले दिनों इस मामले को लेकर साधु संतों ने सामूहिक उपवास भी किया था बाद में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान विधानसभा में खेजड़ी को लेकर कानून लेकर आने की बात भी कही थी अब जोगाराम पटेल ने सोमवार को एक बार फिर से पत्रकारों के समक्ष साथ कहा है कि सरकार बहुत जल्दी ही खेजड़ी और हरे पेड़ बचाने को लेकर कानून लेकर आ रही है ।

CMYK

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन यथाशीघ्र करावे

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के लिए वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है अतः पेंशनर्स शीघ्रातिशीघ्र अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने निःशुल्क सत्यापन करा सकते है, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटी प्राप्त करके, ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से भी निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं। इनमें से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी/विकास अधिकारी) के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 2 लाख 51 हजार 212 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 29 हजार 169 पेंशनर्स का सत्यापन बकाया है। भौतिक सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे पेंशनर्स जिनका खाता राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से राजस्थान ग्रामीण बैंक में परिवर्तित हुआ है और उन्होंने अभी तक अपने पेंशन पीपीओ में खाता अपडेट नहीं करवाया है, वे कार्यालय में सम्पर्क कर अपना खाता अपडेट करवाएं। अन्यथा पेंशन राशि का भुगतान नहीं हो पाएगा।

## अलवर के रियासत कालीन इतिहास की झलक प्रस्तुत करती हुई प्रदर्शनी का शुभारम्भ

### आमजन 12 मार्च तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर तत्कालीन ऐतिहासिक घटनाओं की ले सकते हैं जानकारी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** राजस्थान राज्य अभिलेखागार अलवर में 'समकालीन समाचार पत्रों के संदर्भ में रियासत कालीन अलवर' विषय पर 12 मार्च तक आयोजित विशेष प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व पार्षद घनश्याम सोनी ने किया। राजस्थान राज्य अभिलेखागार के पुरालेख अधिकारी डॉ. राजेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में रियासत कालीन अलवर में जो समाचार पत्र प्रकाशित होते थे उनके माध्यम से तत्कालीन राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था, ऐतिहासिक अभिलेखों, दस्तावेजों, सांस्कृतिक पहलुओं का सजीव चित्रण किया गया है तथा मत्स्य संघ निर्माण में जो घटनाक्रम चला उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को ऐतिहासिक दस्तावेजों के महत्व से अवगत कराना है। आमजन तत्कालीन ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने हेतु 12 मार्च तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं। इस दौरान नीरज, सोनिया, अनिल बत्रा, लवीना, कोमल, करिश्मा, ईति गागल, जमना जोगी, गौरव, सुमित सहित गणमान्य व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

## खिलाड़ियों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, बालिकाओं ने लाठी व कराटे का किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** ली मार्शल आर्ट क्लब धौलपुर की ओर से महिला शक्ति टीम के तत्वावधान में महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) रहे, जबकि अध्यक्षता जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्या अर्चना सिंह ने की। विशेष अतिथि के रूप में दक्ष बोहरा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अर्पिता गुप्ता, दीक्षा रावत, स्वीटी जैन, सचिन सेहवाल, एडीएम परिवार से प्रिया त्यागी, लताशा बघेल, अजनी सर और वैशाली पाल मौजूद रहे। कार्यक्रम महिला टीम की अध्यक्षा मंजू संगर और ली मार्शल आर्ट क्लब के जिला सचिव ऋषि कुमार मौर्य के सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर किया। इस दौरान अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महिला शक्ति टीम और खिलाड़ियों के परिवार की महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के बच्चों और बालिकाओं ने कराटे, लाठी और विभिन्न आत्मरक्षा से जुड़े हैरतअंगेज प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरीं। अतिथियों ने बेटियों और महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें समाज की शक्ति बताया। कार्यक्रम में पुष्पा, ममता, दीक्षा शर्मा, रेनू, आशा, भावना शर्मा, रजनी गुर्जर, विनीता सहित महिला टीम के सदस्य मौजूद रहे। अंत में महिला टीम की अध्यक्षा मंजू संगर और ऋषि कुमार मौर्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खेतड़ी नगर: लाइनमैन दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 लाइनमैन सम्मानित

**खेतड़ी नगर (झुंझुनूं)।** विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय, खेतड़ी नगर में 7 मार्च को निगम के आदेशानुसार लाइनमैन दिवस 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक अभियंता सुरेन्द्र सिंह सैनी ने की, जबकि स्टोरकीपर बाबूलाल यादव ने मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता अंकुर धनकड़ और संजय कुमार सैनी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच लाइनमैन–सुरेंद्र जांगिड़, महेश कुमार मीणा, सुमेर सिंह, राजवीर सिंह और नरेश कुमार को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# ग्रीष्मकाल में पेयजल शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु खैरथल में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

### अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टाइम एक्सीलरेशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को टाइमलाइन के अनुसार परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर विशेष निर्देश दिए और कहा कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन कम से कम दो शिकायतकर्ता परिवारों से फोन पर संवाद कर फीडबैक लें, ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और इसका विधिवत रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध आधार एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विस्तृत कार्ययोजना (Action Plan) तैयार करें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि ग्रीष्मकाल 2026 के दौरान जिले में पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग तथा पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) द्वारा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत खैरथल के कार्यालय परिसर, किशनगढ़बास नया बस स्टैण्ड के पास दिनांक 1 मार्च 2026 से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 01460-298735 तथा व्हाट्सएप नम्बर 7374917525 निर्धारित किया गया है, जिस पर आमजन पेयजल संबंधी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई है, ताकि 24 घंटे शिकायतों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। कंट्रोल रूम के प्रभारी के रूप में सहायक अभियन्ता सीताराम सैनी (मोबाइलः 7734082242) तथा सह-प्रभारी के रूप में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार मीणा को नियुक्त किया गया है। प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक रिद्दिमा शर्मा (कनिष्ठ सहायक) एवं राहुल बंसल (कनिष्ठ सहायक), शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक यश गुप्ता (कनिष्ठ सहायक) एवं वेदप्रकाश शर्मा (वरिष्ठ सहायक) तथा रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक साहिल खान (कनिष्ठ सहायक) एवं प्रीतम सिंह (कनिष्ठ सहायक) ड्यूटी पर रहेंगे। इसके अतिरिक्त संजीव कुमार सैनी (वरिष्ठ सहायक) एवं नीरज शर्मा (वरिष्ठ सहायक) को रेस्ट रिलीवर के रूप में नियुक्त किया गया है।

अधीक्षण अभियंता ने कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को संबंधित अभियन्ता को तुरंत सूचित कर उसका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें तथा शिकायतों का समुचित रिकॉर्ड पंजिका में दर्ज करें। साथ ही कर्मचारियों को दूरभाष पर वार्ता करते समय मृदुभाषी एवं संयमित व्यवहार रखते हुए 'नमस्कार कंट्रोल रूम पीएचईडी खैरथल' कहकर संवाद प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। अधीक्षण अभियन्ता धर्मवीर सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार नियंत्रण कक्ष के कार्मिक प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे तक शिकायतों एवं उनके निस्तारण की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में ई-मेल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे, ताकि उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित की जा सके।

बैठक के दौरान समाज कल्याण अधिकारी रमेश देहमिवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, कृषि अधिकारी गोपाल लाल मीणा, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, वन विभाग, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## पंखा, कूलर सहित उपयोगी शिक्षण सामग्री प्रदान

### रोशनी चैरेटी सेवा के कार्यों में सक्रिय

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** रोशनी चैरेटी की ओर से आदर्श विमंदित एवं मूक बधिर विद्यालय में पंखा, कूलर सहित आवश्यक शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर रोशनी चैरेटी की ओर से रजनी गुप्ता महावर, मुकता शर्मा, निशा मेठी, सुमन गुप्ता, संतोष शर्मा और माया गुप्ता ने यह सामान स्कूल संचालिका पायल प्रधान को सौंपा। इस अवसर पर वान्य फाउंडेशन की ओर से आदित्य तिवारी ने बर्तन प्रदान किए। कार्यक्रम में भामाशाहों और रोशनी चैरिटी की पदाधिकारियों का समाजसेवी और नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती, हिंदू वाहिनी की प्रदेशाध्यक्ष संगीता सिंह, समाज सेविका व हिंदू वाहिनी की जिलाध्यक्ष अर्चना आमेरिया, आकाश शर्मा और गौसेवक राजेश जोशी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में रोशनी चैरेटी की पदाधिकारी रजनी गुप्ता महावर ने कहा कि संस्था की ओर से विमंदित और मूक बधिर बालकों को आवश्यक सामग्री समय- समय पर प्रदान की जाएगी। मुकता शर्मा ने कहा कि मूक बधिर और विमंदित की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है। कार्यकम में समाज सेवी दौलत राम हजरती ने कहा कि रोशनी चैरेटी का सेवा में महत्वपूर्ण योगदान है जिस संस्था की ओर से कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। अंत में पायल प्रधान ने आभार जताया। संचालन तारेश जोरवाल ने किया।

## दमदमा साहिब गुरुद्वारे में श्रद्धा के साथ मनाया गया होला महल्ला

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित गुरुद्वारा दमदमा साहिब में होला महल्ला पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसमें रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कीर्तन का आनंद लेकर संगत निहाल हुई। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गटका बाजी का भी आकर्षक प्रदर्शन किया गया। होला महल्ला के अवसर पर दूर-दूर से आई संगत ने गुरु घर में मत्था टेककर दर्शन-दीदार किए और लंगर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान गुरुद्वारे के नव नियुक्त प्रधान सरदार उदय सिंह ने संगत के साथ मिलकर सेवा निभाई। उन्होंने हरमीत सिंह कालका तथा भूपेंद्र सिंह भुल्लर से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। प्रधान सरदार उदय सिंह ने कहा कि गुरु घर और समाज की सेवा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य आगे भी इसी तरह निरंतर चलते रहेंगे और समाज के हर वर्ग को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सेवा कार्य निस्वार्थ भाव से गुरु को समर्पित होंगे और सच्ची सेवा से ही वाहेगुरु की कृपा प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर पूरन सिंह, मनजीत सिंह, कुलदीप सिंह, हरदीप सिंह, रवि सिंह, लाभी सिंह, गोपी सिंह, शशि सिंह, गुरदीप सिंह सहित अनेक सेवादार एवं संगत उपस्थित रहे।

## नाहर अस्पताल ने महिला स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**भीनमाल(निस)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नाहर अस्पताल की ओर से स्थानीय विकास भवन में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और महिला कर्मचारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. पूजा सक्सेना, डीवाईएसपी शंकरलाल मसूरिया, नाहर अस्पताल के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय नाहर, डॉ. जोगलेकर, डॉ. एन.के. जैन, अशोक सेठ, मदन शर्मा और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मुकेश प्रजापत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान तहसीलदार भीखादान चारण, रमेश कुमार बोटी, सुरेश बोहरा, मुकेश बाफना और प्रकाश जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. पूजा सक्सेना ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं और स्वास्थ्य सेवाओं में उनका योगदान सराहनीय है।

नाहर अस्पताल के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय नाहर ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और अस्पताल परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल की प्रगति पूरी टीम की मेहनत और एकता का परिणाम है। कार्यक्रम में मालाका ग्लेजिंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई का विशेष सहयोग रहा। समारोह के बाद सामूहिक प्रीतिभोज आयोजित किया गया और भारत की टी-20 विश्व कप जीत पर उपस्थित लोगों ने खुशी जताते हुए जश्न मनाया।

## विहिप की मांगों को विधेयक में किया शामिल, जालोर में नहीं है कोई डिस्टर्ब एरिया : नरेश बोहरा

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** विश्व हिंदू परिषद जोधपुर प्रान्त के सह प्रसार प्रचार मंत्री नरेश बोहरा ने सोमवार को जालोर में एक स्थान पर प्रेसवार्ता कर हाल ही में राज्य सरकार की ओर से लाए गए विधेयक में विहिप की मांगों को शामिल करने का दावा किया, साथ ही कहा कि जालोर में फिलहाल कोई डिस्टर्ब एरिया नहीं है। उन्होंने कहा कि अशांत क्षेत्र में स्थाई निवासियों व किरायेदारों के अधिकारों के संरक्षण हेतु विधायक 2026 का विश्व हिंदू परिषद स्वागत करता है। प्रदेश में सांप्रदायिक सद्भाव व सौहार्द बनाए रखने व जनजीवन संतुलन से उत्पन्न संभावित अशांति को रोकने में यह विधेयक कारगर साबित होगा। उन्होंने शांतिप्रिय समाज के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक व दूरदर्शी कदम बताया है। विश्व हिंदू परिषद जोधपुर प्रांत शहर प्रचार प्रसार प्रमुख नरेश बोहरा ने जालोर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि यह विधेयक उन क्षेत्रों में सामाजिक धार्मिक संतुलन से उपजे तनाव, अवैध कब्जा, जबरन पलायन तथा सामाजिक स्थिरता को रोकने में प्रभावी सिद्ध होगा। इससे उन क्षेत्रों के स्थाई निवासियों एवं किराएदारों के संवैधानिक व्वैधानिक अधिकारों को संरक्षण मिलेगा और प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक की मांग विहिप लंबे समय से कर रही थी, राजस्थान में योजनाबद्ध रूप से ऐसे अनेक क्षेत्र विकसित हुए हैं जहां धार्मिक संतुलन स्थापित कर अन्य समुदाय को पलायन हेतु मजबूर किया गया। कई स्थानों पर लोगों की संपत्तियों पर अवैध कब्जा किए गए तथा उन्हें न्यूनतम मूल्य पर संपत्ति बेचने के लिए विवश किया गया।उन्होंने बताया कि प्रदेश में ऐसे 86 ब्लॉक चिन्हित किए गए हैं, जालोर में ऐसा कोई स्थान नहीं है। इस विधेयक के लागू होने से ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगेगी, बाजार मूल्य से कम पर बेचान नहीं हो सकेगा। इन स्थानों पर बेचान से पहले जिला कलेक्टर को आवेदन करना होगा। इस दौरान दिनेश जीनगर व ओटाराम सोलंकी मौजूद रहे।

## सुंदरकाण्ड पाठ के साथ पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का जन्मदिवस मनाया

**जयपुर टाइम्स/चौमूं(निस)।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिन के पावन अवसर पर चौमूं में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। डॉ. श्रवण बराला के सानिध्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था का परिचय दिया। बल्कि राजनीतिक एकजुटता का भी बड़ा संदेश दिया। रेनवाल रोड स्थित धोली मंडी के हनुमान मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। सुंदरकाण्ड पाठ के माध्यम से वसुंधरा राजे के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन और दीर्घायु की मंगल कामना की गई। पूरा मंदिर परिसर 'जय श्री राम' और 'बालाजी महाराज' के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस आयोजन की सबसे खास बात चौमूं और आमेर विधानसभा क्षेत्र से आए सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं और सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने एक साथ सुंदरकाण्ड का पाठ कर संगठन की मजबूती और पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति अपनी अटूट निष्ठा का प्रदर्शन किया। भक्तिमय प्रस्तुति के पश्चात, कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह और श्रद्धालुओं के बीच फल वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया, जो न केवल अपने नेता के प्रति प्रेम प्रदर्शित कर रहे थे, बल्कि आगामी लक्ष्यों के लिए एकजुटता का संकल्प भी ले रहे थे। डॉ. श्रवण बराला के सानिध्य में हुए इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह से सक्रिय और संगठित हैं।

## मुआवजे को लेकर किसान व प्रशासन आमने-सामने, वीडियो बनाने पर मोबाइल छीनने का आरोप

**जयपुर टाइम्स/रतनगढ़(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव गौरीसर से दाऊदसर जाने वाली सड़क के पास खेत में 765 केवी बिजली लाइन परियोजना को लेकर सोमवार को किसानों और प्रशासन के बीच विवाद की स्थिति बन गई। किसानों का आरोप है कि निजी कंपनी द्वारा तय मुआवजा दिए बिना ही खेतों में टावर खड़े कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार पूजा पारीक पुलिस जाब्ते और निजी कंपनी के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंची थीं। इस दौरान एक किसान ने अपनी मांगों को लेकर कार्रवाई का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया। आरोप है कि इससे नाराज होकर तहसीलदार ने पुलिसकर्मी को मोबाइल छीनने के निर्देश दे दिए। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। किसानों का कहना है कि 765 केवी लाइन के तहत 67 मीटर कॉरिडोर में आने वाले पेड़, मकान, कुण्ड और ढाणियों का मुआवजा अब तक नहीं दिया गया है, जबकि खेतों में टावर स्थापित कर दिए गए हैं। उन्होंने मांग की कि पहले तय मुआवजा राशि दी जाए, उसके बाद ही तार खींचने का कार्य होने दिया जाएगा। मामले को लेकर किसान सभा के तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भाम्भू ने आरोप लगाया कि प्रशासन निजी कंपनी के पक्ष में किसानों पर दबाव बना रहा है।

# जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

### राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर आई परिवेदनाओं का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने

### बजट घोषणाओं, विकास कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के दिए दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों, बजट घोषणाओं क्रियान्विति व विकास कार्यों की प्रगति तथा जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी सजगता एवं संवेदनशीलता से कार्य करते हुए बकाया राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से एक माह में की गई गहन समीक्षा के तहत तहसील न्यायालयों में वर्षों से लंबित करीब 650 राजस्व प्रकरण निस्तारण की स्थिति में आ गए हैं। इसी प्रकार उन्होंने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरणों की साप्ताहिक गहन समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता से निस्तारित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण कार्य की उपखंडवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि शेष रजिस्ट्री कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावे। उन्होंने बजट घोषणाओं एवं क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को प्राथमिकता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय के बकाया प्रकरणों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिदायक समाधान करवाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशानुरूप सम्पर्क पोर्टल पर प्रत्येक प्रकरण की प्रभावी मॉनिटरिंग कर संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्वक समाधान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रकरण में असंतुष्टि व्यक्त करने वाले परिवादियों से नियमित तौर पर सम्पर्क स्थापित कर वास्तविकता में उनके परिवादों का समाधान कराने का प्रयास करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज सहित समस्त उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुडे।

## यात्रियों की सुविधा हेतु यशवंतपुर-बीकानेर- यशवंतपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा होली पर्व के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतुयशवंतपुर-बीकानेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। इसके मार्ग के कुछ स्टेशनों तथा अतिरिक्त ठहराव व संचालन समय में संशोधन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 06543, यशवंतपुर-बीकानेर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 11.3.26 से 25.3.26 तक (3 ट्रिप) यशवंतपुर से प्रत्येक बुधवार को 7.00 बजे रवाना होकर शुक्रवार को जयपुर स्टेशन पर 6.45 बजे आगमन व 6.55 बजे प्रस्थान कर 15.00 बजे बीकानेर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06544, बीकानेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेषल रेलसेवा दिनांक 14.3.26 से 28.3.26 तक (3 ट्रिप) बीकानेर से प्रत्येक शनिवार को 1.00 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 8.40 बजे आगमन व 8.50 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 4.00 बजे यशवंतपुर पहुँचेगी। इसके मार्ग के कुछ स्टेशनों तथा अतिरिक्त ठहराव व संचालन समय में संशोधन किया जा रहा है।

## बांसवाड़ा में सहायक प्रशासनिक अधिकारी और तहसील के यूडीसी को 10000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में अरेस्ट किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बांसवाड़ा में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए कोष कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मिलन कुमार और तहसील कार्यालय में तैनात यूडीसी को 10000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से खबर लिखे जाने तक जांच पड़ताल की कार्रवाई जारी थी गिरफ्तार अभियुक्तों के दफ्तर से मिले कागजात फाइल दस्तावेज आवेदन पत्र डिजिटल डाटा कंप्यूटर हार्ड डिस्क इत्यादि सभी की जांच पड़ताल की जा रही है एसीबी के अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के बारे में रिश्वत लेने की शिकायत मिली थी इस शिकायत का सत्यापन करवाया गया जिसमें शिकायत सही पाए जाने पर मौके पर जाकर यह कार्रवाई की गई है इस मामले की जांच पड़ताल कर रहे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से गिरफ्तार अभियुक्तों से रिश्वत की रकम बरामद की गई है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि गिरफ्तार अभियुक्त भ्रष्टाचार को जोरदार तरीके से अंजाम दिए हुए थे इसलिए गिरफ्तार अभियुक्त की ओर से अभी हाल ही में संपादित की गई सभी तरह की फाइलों आवेदन पत्रों दस्तावेजों इत्यादि की भी जांच पड़ताल की जा रही है तथा इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी और कर्मचारियों का हिस्सा तो निश्चित नहीं है ।

## आमेर फोर्ट और सागर की पहाड़ियों में पैंथर का मूवमेंट, मंदिर परिसर स्थित सीसीटीवी कैमरे में पैंथर नजर आया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आमेर फोर्ट और आमेर फोर्ट के पीछे के हिस्से में सागर की पहाड़ियों में पैंथर का मूवमेंट आए दिन देखने को मिल रहा है लेकिन कई बार यह पैंथर पहाड़ियों की तलहटी में मौजूद मंदिरों में भी पहुंच जाता है अभी हाल ही में मंदिर परिसर में मौजूद सीसीटीवी कैमरे में एक पैंथर नजर आ रहा है जो मंदिर के बाडे में बंधे हुए पशुओं तक पहुंच गया था लेकिन और मौके पर वहां एक स्वान ने जोर-जोर से भौंकना शुरू किया जिसकी वजह से पैंथर वहां से भाग गया इस दौरान आसपास की कॉलोनी के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए स्थानीय लोगों का कहना है कि आमेर की पहाड़ियों में पैंथर का मूवमेंट अक्सर देखने को मिलता है लेकिन पहाड़ियों के पास में बसी बस्तियों में भी यह पैंथर कई बार अचानक पहुंच जाते हैं इसलिए स्थानीय लोगों ने वन विभाग से इस मामले में गौर करने की मांग की है कि वे यहां पर एक ऐसी तारबंदी स्थापित करें जिसकी वजह से पैंथर पहाड़ से निकलकर नजदीकी आवासीय बस्तियों में और मंदिरों में नहीं आ सके स्थानीय लोगों का कहना है कि आमेर फोर्ट और सागर की पहाड़ियों में पैंथर की मौजूदगी हमेशा रहती है इसलिए यहां पर घूमने आने वाले लोगों को काफी सावधान रहना चाहिए सागर के रास्ते में भी कई बार पैंथर अचानक आ जाता है इसी तरह से यहां भोमिया जी का मंदिर और कई और अन्य मंदिर पहाड़ियों के नीचे स्थित है जिनमें श्रद्धालु अक्सर यहां रोजाना आते रहते हैं इसलिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं को और घूमने आने वाले लोगों को खुद सावधानी रखनी चाहिए क्योंकि पैंथर यहां की पहाड़ियों में अक्सर विचरण करते रहते हैं इसलिए पैंथर कब पहाड़ी से निकलकर आपके सामने आ जाए इसके बारे में किसी को भी पता नहीं चल पाएगा इसलिए हर किसी को यहां आने वाले लोगों को भी काफी सावधानी के साथ में यहां आना चाहिए तथा यहां पहाड़ियों की तलती में जो बड़े-बड़े पहाड़ियों की तलहटी में जो प्राचीन मंदिर बने हुए हैं वहां भी श्रद्धालुओं को मंदिर के रास्ते में विचरण करते समय काफी सावधानी रखनी चाहिए स्थानीय लोगों का कहना है कि सागर फोर्ट में कई बार विदेशी पर्यटक भी यहां घूमने के लिए आ जाते हैं इसलिए यहां पर वन विभाग पुलिस और जिला प्रशासन को पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कुछ विशेष इंतजाम करने होंगे या फिर यहां पर जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाकर भी पर्यटकों को यह बताया जा सकता है की पहाड़ियों में पैंथर का मूवमेंट रहता है इसलिए सावधानी से यहां विचरण करें।


## सत्ता हासिल करने के लिए वोट के लालच में राजस्थान पंचायती राज संशोधन विधेयक लाया गया: डोटासरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजस्थान विधानसभा में पारित किए जाने पर राजस्थान पंचायती राज संशोधन बिल 2026 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बिल भाजपा की सरकार की ओर से सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए वोट के लालच में लाया गया है इसके अलावा सरकार का कोई दूसरा मकसद नहीं है उन्होंने कहा कि यह बड़े अचरज और दुर्भाग्य का विषय है कि चुनाव लड़ने में दो बच्चों की पाबंदी वाले बिल को पूर्व में भारतीय जनता पार्टी कीभैरू सिंह शेखावत सरकार ही विधानसभा में लेकर आई थी और आज भाजपा की सरकार ने ही पंचायती राज संशोधन बिल 2026 में दो बच्चों वालों के चुनाव लड़ने पर पाबंदी हटाकर अपनी ही पार्टी की सरकार के फैसले को बदल दिया डोटासरा ने कहा कि इस बिल को लाने के तर्क में सरकार का कहना है कि पहले जब यह बिल लाया गया था उस समय प्रदेश में जनसंख्या का जबरदस्त विस्फोट हो रहा था जनसंख्या तेजी से बढ़ रही थी इसलिए उस समय इस बिल का लाना जरूरी हो गया था लेकिन अब गांव और शहर के लोग खुद जनसंख्या नियंत्रण के लिए आगे आ रहे हैं और जनसंख्या नियंत्रण में आ गई है जनसंख्या तेजी से नहीं बढ़ रही है इसलिए इस कठोर कानून की जरूरत नहीं रह गई है गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि एक तरफ प्रदेश में स्कूलों में बच्चों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए सरकार के पास पैसा नहीं है बालिकाओं के नैपकिन के लिए व्यवस्था नहीं है विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

# दिल्ली में मदन राठौड़ ने पत्रकारों से कहा -विधानसभा और सांसद दोनों ही जगह पर विपक्ष में राष्ट्रीय चरित्र का अभाव

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि चाहे राजस्थान विधानसभा हो या फिर देश की संसद दोनों ही जगह पर विपक्ष में राष्ट्रीय चरित्र का अभाव है दोनों ही जगह पर विपक्ष का रवैया सिर्फ हंगामा मचाना और संसदीय नियम और कानून की उल्लंघन करने तक सीमित रह गया है इसके अलावा विपक्ष के पास ना तो राजस्थान विधानसभा में मामला उठाने का कोई मुद्दा हाथ में है और ना ही देश की संसद में विपक्ष के पास में ऐसा कोई मुद्दा है जिसे वह संसद में उठाएं विपक्ष सिर्फ हंगामा मचा कर अपनी उपस्थिति दिखाने का प्रयास कर रहा है मदन राठौड़ ने पत्रकारों से कहा कि विपक्ष के नेता यहां भारत में ही नहीं बल्कि विदेश में जाकर भारत विरोधी बयान देते हैं जो यह दिखाता है कि विपक्ष में राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र की भावना है ही नहीं पत्रकारों से बातचीत के दौरान मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में सरकार के मंत्री सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की ओर से पूछे गए सवालों और मुद्दों का ठीक तरह से जवाब दे रहे हैं लेकिन इसके बावजूद विपक्ष सिर्फ हंगामा मचाने की नीयत से विधानसभा में आता है उन्होंने कहा कि सरकार खुद यह चाहती है कि मजबूत विपक्ष हो जो जनहित की मुद्दों को सदन में रखें लेकिन विपक्ष यह चाहता ही नहीं है कि सदन में जनहित का काम हो या फिर जनहित के मुद्दे को लेकर अच्छी बहस हो विपक्ष सिर्फ हंगामा करके खुद की उपस्थिति दिखाने का प्रयास करता है एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में हर क्षेत्र में तेजी से विकास किया है आज पूरी दुनिया भारत को सम्मान की निगाह से देखते हैं और पीएम नरेंद्र मोदी के सुझाव और सलाह को मानती भी है उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में युद्ध के जो हालात बने हुए हैं उसमें भी हमारी सरकार ने शांति पूर्वक बातचीत के माध्यम से यह पूरा विवाद सुलझाने को कहा है हमारी सरकार ने यह भी कहा है कि युद्ध से सिर्फ विनाश होगा इसके अलावा और कुछ नहीं होगा इसलिए हमारी सरकार सरकार की प्राथमिकता ही यह है कि विश्व में शांति और भाईचारे की भावना कायम हो इसलिए अभी जो युद्ध के हालात हैं उसमें भारत सरकार ने अपना नजरिया पहले ही बिल्कुल स्पष्ट किया हुआ है मदन राठौड़ ने बातचीत में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने रेल, भारतमाला प्रोजेक्ट,सड़क परिवहन वायु यातायात कृषि उद्योग रक्षा प्रौद्योगिकी विज्ञान चिकित्सा शिक्षा सभी क्षेत्रों में शानदार कार्य कर रही है सरकार ने किसी भी क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी है इसी तरह का कार्य पिछले 2 साल में राजस्थान में भी हुआ है राजस्थान में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में शानदार कार्य किया है इसीलिए राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के पास बोलने का कोई मुद्दा हाथ लगा ही नहीं है इसलिए वह जानबूझकर हंगामा मचाकर मीडिया में बने रहने का प्रयास कर रही है एक अन्य सवाल के जवाब में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में अगर विपक्ष नियम और विधानसभा की मर्यादाओं के अनुसार कोई भी सवाल पूछेगा तो सरकार का मंत्री निश्चित रूप से उसका जवाब देगा लेकिन विपक्ष विधानसभा के नियमों और मर्यादाओं के अनुसार सदन में अपना आचरण नहीं कर रहा जो बिल्कुल अनुचित है अगर विपक्ष विधानसभा के नियम और कायदों के अनुसार सवाल पूछेगा तो मंत्री सवाल का जवाब जरूर देंगे ।

## मेवाड़ यूनिवर्सिटी में 16 कश्मीरी छात्रों ने अपने बदन पर पेट्रोल उड़ेलकर आत्मदाह करने की कोशिश की, पुलिस ने छात्रों को हिरासत में लिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित मेवाड़ यूनिवर्सिटी में बीएससी और नर्सिंग डिग्री का मामला स्टूडेंट और यूनिवर्सिटी प्रशासन के बीच विवाद का बड़ा कारण बना हुआ है यह विवाद पिछले कई दिनों से लगातार चल रहा है इस मामले में स्टूडेंट डिग्री की मांग को लेकर यूनिवर्सिटी गेट के सामने धरना दे रहे थे और रोजाना प्रदर्शन कर रहे थे सोमवार को प्रदर्शन कर रहे 16 कश्मीरी छात्रों ने गुस्से में आकर अपने शरीर पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगाने की कोशिश की लेकिन और मौके पर पुलिस ने सभी 16 स्टूडेंटों को हिरासत में ले लिया जानकारी के अनुसार यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के 34 स्टूडेंट में 30 स्टूडेंट को यूनिवर्सिटी के नियम और कानून का उल्लंघन करने पर सस्पेंड कर दिया था तो दूसरी तरफ स्टूडेंट का कहना था कि इस कॉलेज को राजस्थान नर्सिंग काउंसिल की ओर से मान्यता प्राप्त नहीं है इस बात को यूनिवर्सिटी प्रशासन ने एडमिशन देते समय छुपा कर रखा इस कॉलेज की डिग्री को राजस्थान नर्सिंग काउंसिल की मान्यता प्राप्त नहीं है इसलिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्टूडेंटों के साथ धोखाधड़ी की है दूसरी तरफ यूनिवर्सिटी प्रशासन इस मामले में खुद को निर्दोष बता रहा है इस तरह से यह मामला पिछले कई दिनों से यूनिवर्सिटी प्रशासन और कश्मीरी छात्रों के बीच विवाद का बड़ा कारण बना हुआ है छात्रों को सस्पेंड करने के बाद यह मामला काफी उग्र हो गया और छात्र रोजाना धरने प्रदर्शन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करके अपना विरोध जाता रहे हैं छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनके साथ अन्याय किया है उन्हें लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा है उनके परिजन काफी दुखी और परेशान है लेकिन उनके यहां कोई सुनवाई नहीं हो रही है छात्रों ने बातचीत के दौरान यह भी कहा कि यूनिवर्सिटी के इस मामले को लेकर जयपुर में सरकार से जुड़े बड़े लोगों से भी मुलाकात की थी लेकिन सरकार की ओर से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही है इसी बात को लेकर सोमवार को यूनिवर्सिटी के गेट के सामने प्रदर्शन कर रहे 16 कश्मीरी छात्रों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने आत्मदाह करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने सभी छात्रों को तुरंत मौके पर हिरासत में ले लिया जिसकी वजह से छात्र अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाए ।

## नागौर, मेड़ता और बाड़मेर जिला न्यायालय में बम होने की सूचना से मचा हड़कंप, पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पिछले कई दिनों से रोजाना कहीं ना कहीं सरकारी दफ्तरों, स्कूलों, अदालत इत्यादि में बम होने की फर्जी सूचना लगातार अज्ञात लोगों की ओर से दी जा रही है जिसकी वजह से पुलिस प्रशासन के लिए तो यह फर्जी सूचनाओं बड़ी मुसीबत बनी हुई है ही इसके अलावा आमजन भी इस तरह की सूचनाओं से काफी परेशान और चिंतित हैं तथा इस तरह की गलत सूचनाओं से सरकारी कामकाज भी बाधित हो रहा है लेकिन आश्चर्य वाली बात यह है कि पिछले कई दिनों से अनेकों बार ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना दी गई लेकिन इन सब सूचनाओं में एक भी सूचना की जांच पुलिस ठीक तरह से कंप्लीट नहीं कर पाई है पुलिस ईमेल करने वाले बदमाशों की पहचान नहीं कर पा रही है जिसकी वजह से बदमाश आए दिन प्रदेश में कहीं ना कहीं इस तरह की सूचना ईमेल के माध्यम से देखकर पुलिस और जिला प्रशासन के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी किए हुए हैं सोमवार को भी प्रदेश में नागौर, मेड़ता और बाड़मेर जिला अदालत में बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई सूचना मिलने के बाद नागौर जिला अदालत मेड़ता अदालत और बाड़मेर जिला अदालत में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची मौके पर खोजी कुत्ते, बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन गाड़ियां इत्यादि सभी बुलाई गई जिला अदालतों में जगह-जगह सगन जांच पड़ताल की गई जिला अदालतों के आसपास के इलाके में भी सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया आसपास की बिल्डिंगों में भी पुलिस ने सर्च अभियान को अंजाम दिया लेकिन कहीं पर भी किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली काफी देर तक जांच पड़ताल करने के बाद नागौर जिला अदालत मेड़ता स्थित अदालत और बाड़मेर जिला अदालत को पूरी तरह से पुलिस ने सुरक्षित करार दिया तब जाकर लोगों को राहत मिली लेकिन जब तक इन तीनों ही जगह पर पुलिस का सर्च अभियान जारी रहा तब तक अदालतों में कार्य नहीं हो सका इसलिए यहां लोगों को तो परेशानी हुई ही इसके अलावा न्यायालय प्रशासन से जुड़े लोगों और वकीलों में भी इस तरह की घटनाओं को लेकर गहरी चिंता भी छाई हुई है और पुलिस की ओर से अभी तक एक भी मामले में ईमेल करने वाले बदमाश की पहचान नहीं की गई है तो इस बात को लेकर वकीलों में गुस्सा छाया हुआ है वकीलों का कहना है कि पुलिस को इस तरह के मामलों में साइबर एक्सपर्ट के विशेषज्ञ लोगों की सेवाएं लेनी चाहिए क्योंकि यह मामला अब एक जगह से जुड़ा हुआ नहीं रह गया है बल्कि इस तरह की धमकियां लगातार प्रदेश भर में ईमेल के माध्यम से बदमाशों की ओर से दी जा रही है इसलिएईमेल करने वाले बदमाशों को पकड़ना बहुत जरूरी हो गया है जब तक ईमेल करने वाले लोगों की पहचान नहीं हो पाएगी और उन्हें अरेस्ट नहीं किया जाएगा तब तक इस तरह के ईमेल मिलते रहेंगे इसलिए पुलिस को इन मामलों को काफी गंभीरता से लेना चाहिए गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से राजधानी जयपुर हाई कोर्ट, जोधपुर में हाई कोर्ट की पीठ, जयपुर जिलाधीश कार्यालय, अजमेर जिलाधीश कार्यालय, जयपुर जिला अदालत के अलावा प्रदेश के कई जिलों में जिला अदालत में बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई राजधानी जयपुर में एक बड़े निजी प्रतिष्ठित स्कूल में भी बम होने की सूचना दी गई लेकिन इन सब मामलों में पुलिस की जांच अंतिम नतीजे तक अब तक नहीं पहुंच पाई है जिसकी वजह से लोगों में भी पुलिस की जांच को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे ।

## अवैध निर्माणों के ध्वस्तीकरण के लिए जेडीए के जीरो टॉलरेंस अभियान का हुआ आगाज़

### प्रवर्तन दस्ते ने सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त*

### 30 करोड़ की 15 बीघा बेशकीमती भूमि सहित तीन स्थानों से हटाए अवैध निर्माण*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार, अतिक्रमण एवं अनियमितताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस और सुशासन के विजन के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों के प्रभावी ध्वस्तीकरण के लिए विशेष जीरो टॉलरेंस अभियान प्रारम्भ किया है। जयपुर विकास प्राधिकरण के इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी ने बताया कि आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशानुसार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम माचवां, जिला जयपुर के खसरा नं. 457/1077 मे करीब 1.5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गये कमरा, टीनशेडनुमा संरचना, बाउण्ड्रीवाल, अन्य सामान डालकर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर किये गये अतिक्रमण को प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 की मौजूदगी में आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को जेडीए की योजना 'देव विहार' के खसरा नंबर 748 में स्थित करीब 15 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इस भूमि पर अतिक्रमियों द्वारा कच्चे-पक्के मकान, टीनशेड, लेटबाथ, बाउंड्रीवाल, झुग्गी-झोपड़ियां, छप्परपोश, सीमेंट के पिल्लर गाड़कर तारबंदी व कांटों की बाड़ लगाकर तथा मिट्टी के बर्तन व भट्टियां रखकर अवैध कब्जा कर लिया गया था। जेडीए के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीनों व मजदूरों की सहायता से इन सभी अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया। जेडीए अधिकारियों के अनुसार, मुक्त करवाई गई इस बेशकीमती सरकारी भूमि की अनुमानित कीमत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसी प्रकार रविवार को जोन-5ए के क्षेत्राधिकार में अवस्थित त्रिवेणी नगर के पास 10बी विस्तार योजना के भूखण्ड संख्या 45 में अवैध निर्माण किये जाने पर पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 08.03.2026 को उक्त अवैध निर्माण के प्रवेश द्वारों को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटो की दिवार चुनवाकर ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त शुक्रवार को भी जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कालवाड रोड ग्राम मुण्डोता, जिला जयपुर मे जेडीए स्वामित्व की करीब 06 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर सिमेन्ट के पिल्लर गाडकर तारबंदी कर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर किये गये अतिक्रमण को प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 की मौजूदगी में आज जोन- 12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम निवारू के पास, जिला जयपुर के खसरा नं. 281 व 294 मे करीब 03 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिटटी-ग्रेवल सडकें निमार्णाधीन दो प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

## विधानसभा में टीम इंडिया को विश्व कप जीतने पर बधाई दी गई, भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर बधाई संदेश प्रेषित किया

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** टी-, 20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की जीत के बाद राजस्थान सहित पूरे देश में जश्न का माहौल छाया हुआ है रविवार की देर रात्रि तक राजधानी जयपुर ,जोधपुर , कोटा, उदयपुर, अजमेर, टोंक, सवाई माधोपुर, अलवर, सीकर, चुरु , झुन्झनू, भारतपुर, सवाई माधोपुर, करौली ,धौलपुर ,भीलवाड़ा , प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बूंदी, झालावाड़ , नीमकाथाना, बहरोड, खैरथल, अलवर, कोटपूतली, शाहपुरा , मनोहरपुर इत्यादि प्रदेश भर में लोगों ने टीम इंडिया की जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाई लोग ढोल नगाड़े लेकर सड़कों पर भी नाचने लगे रविवार देर रात्रि तक लोगों ने दिवाली होली की तरह इस जीत को सेलिब्रेट किया इस जीत को लेकर राष्ट्रपतिद्रौपदी मर्म ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है इसके अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी टीम इंडिया के विश्व कप जीतने के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर टीम इंडिया को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी सोमवार को राजस्थान विधानसभा में भी विधानसभा की कार्रवाई शुरू होने के तुरंत बाद भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व



कप जीतने पर सत्ता पक्ष और पक्ष के सदस्यों ने खुशी जताई और मेज थपथपाकर सामूहिक रूप से भारत की इस जीत पर प्रसन्नता और गर्व महसूस किया विधानसभा में स्पीकर वासुदेव देवनानी ने टीम इंडिया की जीत पर बधाई संदेश पढ़कर सुनाया सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस जीत पर गर्व और प्रसन्नता प्रकट की द्य उल्लेखनीय है कि रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी 20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच खेला गया था जिसमें भारत ने बड़े अंतर से यह मैच जीता न्यूजीलैंड टीम भारत की टीम के आगे बिल्कुल बौना साबित हुई और भारत ने तीसरी बार यह विश्व कप अब तक जीता है इससे पहले 2007 और 2024 में भारत विश्व कप जीत चुका है ।

## सदन में अंग्रेजी मॉडल स्कूलों में शिक्षकों की कमी को लेकर हंगामा, सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी बहस

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को विवेकानंद अंग्रेजी मॉडल स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मामला जोर-जोर से उठाया गया इस मामले को लेकर सत्ता पक्ष और पक्ष के सदस्यों के बीच आपस में तीखी बहस हुई और एक दूसरे पर आरोप लगाए इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पिछली सरकार में शिक्षा मंत्री ने भांग खाकर बड़ी संख्या में स्कूल तो खोल दिए लेकिन एक भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं दी जिस पर विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि आपका जवाब भी ऐसा लग रहा है जैसे आपने भांग खा रखी हो जूली ने शिक्षा मंत्री दिलावर से पूछा कि प्रदेश में जिन स्कूलों में 20 छात्र हैं क्या उन्हें पढ़ने का अधिकार नहीं है या फिर स्कूल में कम संख्या होने का हवाला देकर उन्हें शिक्षा से वंचित किया जाएगा जिस पर दिलावर ने कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार साक्षात्कार लेकर मॉडल स्कूलों में काबिल शिक्षकों की नियुक्ति कर रही है जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा में सोमवार को भाजपा विधायक महंत बालक नाथ ने अपने निर्वाचन क्षेत्र और जिले में अंग्रेजी मॉडल स्कूलों में शिक्षकों की कमी को लेकर नाराजगी जाहिर की जिस पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पिछली सरकार में बड़ी संख्या में स्कूल तो खोल दिए गए साधारण स्कूलों को अंग्रेजी स्कूलों में बदल दिया गया लेकिन अंग्रेजी स्कूलों में एक भी अच्छे शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई और अंग्रेजी स्कूलों में भी उन शिक्षकों को नियुक्ति दे दी गई जो अंग्रेजी के बारे में ज्यादा नहीं जानते दिलावर ने कहा कि प्रदेश में पिछली सरकार ने कई जगहों पर छात्रों की संख्या बहुत कम थी कहीं पर 10 कहीं पर 20 कहीं पर पांच छात्रों की संख्या थी पिछली सरकार ने स्कूल तो खोल दिए लेकिन स्कूलों में संसाधन जरूरी सामान पर्याप्त शिक्षक इत्यादि उपलब्ध नहीं करवाए जिसकी वजह से शिक्षा का सत्यानाश हो गया और बच्चों के साथ अन्याय किया गया लेकिन पिछले 2 साल में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किया है और अंग्रेजी मॉडल स्कूलों में भी काबिल शिक्षक नियुक्त किया जा रहे हैं ।

## सम्पादकीय

# जंग की आंच बाजार तक, तेल संकट, गिरते शेयर और महंगाई के नए मोर्चे

जब दो या अधिक देशों के बीच युद्ध का मोर्चा खुलता है, तो उसका असर सिर्फ इस रूप में सामने नहीं आता कि एक-दूसरे पर किए गए हमले के नतीजे में जानमाल की व्यापक क्षति होती है। बल्कि जंग के लंबा खिंचने पर कई स्तरों पर जरूरी सामग्री की आपूर्ति बाधित होती है और नतीजतन बाजार में लगभग सभी चीजों की कीमतें तेजी से बढ़ने लगती हैं। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जिस बात का डर था, उसकी शुरुआत अब हो चुकी है। यानी जो देश इस जंग में शामिल नहीं हैं, उन तक भी इसकी आंच पहुंचनी शुरू हो चुकी है। हाल ही में भारत के शेयर बाजार पर भी इसका असर देखा गया, जहां बड़ी गिरावट की वजह से निवेशकों को लगभग उन्नीस लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। चूंकि युद्ध की तीव्रता में फिलहाल कोई नरमी नहीं देखी जा रही है, इसलिए यह स्थिति अभी कायम रहने की आशंका है। मगर इससे इतर अब युद्ध का असर देश के आम लोगों के घर के दरवाजे तक पहुंचना शुरू हो चुका है। मसलन, रसोई गैस की कीमत में साठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने की वजह से भारत सहित अन्य कई देशों को नए रास्तों की ओर देखना पड़ रहा है। इस बीच कच्चे तेल की कीमतों के सौ डालर प्रति बैरल तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाजार के इस रुख का असर कहां तक जा सकता है और अगर युद्ध लंबा खिंचा, तो वैसे देशों में कैसी मुश्किल पैदा होगी, जहां की अर्थव्यवस्था और जीवनयापन का एक बड़ा हिस्सा बाहर से आपूर्ति पर निर्भर है। इजरायली हमले के बाद प्रतिक्रिया में ईरान ने जो रुख अख्तियार किया है, उससे पहले ही कई मुख्य तेल उत्पादक देशों में असुरक्षा का माहौल है। फिर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के रास्ते को ईरान ने जिस तरह बाधित कर दिया है, उससे दुनिया के एक बड़े हिस्से में तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी। होर्मुज की नाकाबंदी की वजह से उस इलाके में फंसे जहाजों को लंबा रास्ता तय करना होगा। भारत के सामने ही स्थिति यह है कि इसके पास अगले छह से आठ हफ्ते का तेल भंडार है। स्वाभाविक ही भारत को अब तेल के लिए अन्य वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा। राहत की बात यह है कि एक ओर रूस ने भारत को तेल बेचने की पेशकश की, तो दूसरी ओर अमेरिका ने भी इस मसले पर नरम रुख अपनाया है। इसके बावजूद पश्चिम एशिया में चल रहे इस युद्ध का असर केवल वैश्विक स्तर पर तेल और गैस के बाजारों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि तनाव में बढ़ोतरी कई बड़े उद्योगों के लिए भी चिंता का कारण बन रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। खासतौर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल आना और इसका असर बाजार में अन्य लगभग सभी सामान पर पड़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, इसके समांतर माल ढुलाई के महंगा होने की वजह से सब्जियों से लेकर दूसरी कई जरूरी चीजों के दाम भी बढ़ेंगे। निश्चित रूप से इससे प्रभावित देशों को अपने स्तर पर विकल्प और समाधान निकालने की जरूरत है। मगर सवाल है कि क्या युद्ध में शामिल देशों को इस बात की फिक्र है कि उनकी वजह से दुनिया भर में आम लोगों के सामने अपनी अनिवार्य जरूरतें पूरी करने के लिए जद्दोजहद के कितने मोर्चे खुल गए हैं।

# आबूसर में सोलर ऊर्जा प्लांट का किया उद्घाटन

## कालीपहाड़ी पंचायत में विधायक राजेन्द्र भाम्बू का नागरिक अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत आबूसर में जयसिंह झाझड़िया की ओर से स्थापित नव निर्मित सोलर ऊर्जा प्लांट का उद्घाटन विधायक राजेन्द्र भाम्बू एवं भाजपा राजस्थान के प्रदेश महामंत्री श्रवण बागड़ी ने किया। इस अवसर पर विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पंचायत क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में मंचस्थ श्रवण सिंह बागड़ी, बी.एल. चौधरी (एसई, सोलर एवीवीएनएल), शिवकरण जानू, आबूसर? सरपंच रोहताश, सरपंच ओम मोगा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में रामकुमार झाझड़िया (एक्सईएन), राजेश पूनिया (एसई), नंदलाल चौधरी, लक्ष्मी कुलहरी, जैलाल, दौलतराम, नरेश, माखन, सोहनलाल, जसवंत, भागीरथ ठाकरान, देवकरण ठाकरान, इन्द्राज ठाकरान, केसरदेव कुलहरी, अमरसिंह, जसवंत किसान, रणवीर तेतरवाल, सुल्तान जांगिड़ सहित लगभग ग्राम पंचायत आबूसर के सभी नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसके पश्चात नवगठित कालीपहाड़ी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने विधायक राजेन्द्र भाम्बू का नागरिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि यशपाल ने की तथा निवर्तमान चेयरमैन बगड़ नगर पालिका गोविन्द सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर रोहिताश सिंह, संतोष सिंह, सायर सिंह, कैप्टन जयवीर सिंह, रविन्द्र सिंह, बलदेव सिंह, दिनेश सिंह, बनवारी सिंह, राजेन्द्र सिंह, लोकेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, शक्ति सिंह, सन्तकुमार, प्रेम सिंह सहित अनेक नागरिक व ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए विधायक राजेन्द्र भाम्बू का स्वागत किया।

# हवामहल-आमेर जोन में बिना स्वीकृति के निर्माण करने पर 2 भवनों को किया सीज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर ने सोमवार को हवामहल-आमेर जोन में बड़ी कार्रवाई अंजाम दी। जोन टीम ने निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देश पर अनाधिकृत भवन को बिना स्वीकृति के निर्माण करने पर सीज कर दिया। इस संबंध में जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने बताया कि हैरिटेज स्वरूप से छेड़छाड़ कर अनाधिकृत भवन को बिना स्वीकृति के निर्माण करने पर सीज किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में भवन स्वरूप के विपरीत व अनाधिकृत निर्माण करने वालों के खिलाफ लगातार आ रही शिकायत व निर्माण कार्य बन्द नहीं करने पर दो अनाधिकृत भवन/मकान को सीज किया गया। 1. चन्द्रषेखर आजाद कॉलोनी, स्किम नंबर 03, मीणा कॉलोनी नाले के पास, चैकड़ी हवाली शहर शर्की शुमाली, जयपुर में प्रथम व द्वितीय फ्लोर का अनाधिकृत निर्माण करने, 2. चन्द्रषेखर आजाद कॉलोनी, मीणा कॉलोनी नाले के पास, जयपुर में प्रथम फ्लोर का अनाधिकृत निर्माण करने पर स्थित दोनों भवनों के विरूद्ध सीजर की कार्रवाही की गई। उन्होंने बताया कि निर्माणकर्ता को पहले नोटिस जारी किया गया लेकिन निर्माणकर्ता के द्वारा लगातार निर्माण कार्य जारी रहने पर सीजर की कार्रवाही की गई। जोन निरीक्षण के दौरान कई व्यापारिक प्रतिष्ठान बिना सक्षम स्वीकृति और बिना इजाजत निर्माण करते पाए गए थे। मामले की गंभीरता देखते हुए निगम की टीम तुरंत हरकत में आई और मौके पर ही चार दुकानों को सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई हवामहल-आमेर जोन उपायुक्त सीमा चैधरी, सतर्कता शाखा, भवन शाखा व जोन टीम ने की।

# परिस्थितियों का लाभ उठाए भारत



बीते दिनों अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक एकाएक दिल्ली दौरे पर पहुंचे। उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से बातचीत की और उसे सार्थक भी बताया। ये वही लुटनिक हैं जिन्होंने पिछले महीने कहा था कि व्यापार समझौते की सारी तैयारी हो चुकी थी और यदि मोदी जी राष्ट्रपति ट्रंप को फोन कर लेते तो समझौता हो गया होता। भारत को उनके दावे का खंडन करना पड़ा। उससे पहले कहा था कि एक-दो महीनों के भीतर ही भारत को माफी मांगनी होगी और समझौता करने की कोशिश करनी होगी।

क्या उन्होंने यह कहते समय सोचा होगा कि एक दिन उन्हें ही समझौते के लिए भागकर भारत आना होगा? समय का यह फेर अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के उस ऐतिहासिक निर्णय ने कराया जिसने टैरिफ लगाने के लिए आपात आर्थिक शक्ति कानून के प्रयोग को असंवैधानिक ठहरा दिया। विडंबना यह है कि आपात आर्थिक शक्ति कानून को 1977 में राष्ट्रपति की आपात शक्तियों पर अंकुश लगाने के लिए पारित किया गया था। हालांकि ट्रंप उसी का प्रयोग अपनी विदेश-अर्थनीति के बड़े हथियार के रूप में कर पूरी दुनिया को नचा रहे थे।

अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के अंकुश से तिलमिलाए ट्रंप ने व्यापार अधिनियम की धारा 122 का प्रयोग करते हुए सभी देशों के आयात पर 24 फरवरी से 10 प्रतिशत सरचार्ज लगाने का एलान कर दिया और अगले ही दिन उसे उसकी अधिकतम सीमा तक बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की धमकी दे डाली। अब वे उन देशों को धारा 232, 301 और 388 के सहारे सबक सिखाने की धमकी दे रहे हैं जो नए सिरे से मोलभाव करने की योजना बना रहे हैं। धारा 232 उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के बहाने और धारा 301 अनुचित या भेदभावपूर्ण व्यापारिक हथकंडे अपनाने वालों के खिलाफ टैरिफ और प्रतिबंध थोपने का अधिकार देती हैं।

धारा 388 अमेरिकी व्यापार को नुकसान पहुंचाने वाले देश पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार देती है, परंतु ये धाराएं न्यायिक जांच के बिना इंटरनेट मीडिया पर आधी रात के फरमानों से लागू नहीं की जा सकतीं और इन्हें अदालतों में चुनौती दी जा सकती है। धारा 122 के तहत लगाए सरचार्ज के लिए भी 150 दिनों के भीतर कांग्रेस का अनुमोदन लेना होगा जो चुनावों में उलझी कांग्रेस से ले पाना असंभव सा दिखता है। इसके अलावा ट्रंप अब दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने या कब्जा करने में उनका साथ देने पर विवश करने के लिए टैरिफ लगाने की धमकियों से दबाव नहीं डाल पाएंगे। भारत ने अमेरिका के दबाव में आने के बजाय दूसरों से समझौते करके अमेरिका पर दबाव बनाने की कोशिश की। भारत जानता था कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला ट्रंप के मनमाने टैरिफों को असंवैधानिक ठहरा सकता है। इसलिए वह जिस फ्रेमवर्क पर सहमत हुआ, उसमें यह गुंजाइश रखी गई कि दोनों में से कोई देश अपनी शर्तें बदलता है तो दूसरे को भी अपनी शर्तें बदलने की छूट होगी। इसी को आधार बनाकर भारतीय व्यापार प्रतिनिधि दल समझौते को अंतिम रूप देने अमेरिका नहीं गया। ट्रंप इस समय चारों ओर से दबाव में हैं। ईरान जिस तरह इजरायल और अमेरिका के हमलों का जवाब देने में लगा हुआ है, उससे उन पर दबाव और बढ़ गया है। यह युद्ध लंबा खिंचा तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था का भी संकट बढ़ेगा। दुनिया से 175 अरब डालर का टैरिफ उगाहने के बावजूद अमेरिका का व्यापार घाटा पिछले महीने 900 अरब डालर के रिकार्ड स्तर पर बना हुआ है। आर्थिक विकास की दर पिछली तिमाही में घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई है और महंगाई तीन प्रतिशत के आसपास चल रही है। लोग बढ़ते दैनिक खर्च से परेशान हैं, जिसे कम करने के वादे पर ट्रंप जीते थे।

उन्होंने अपने समर्थकों को यह आभास दिया था, मानो उनके टैरिफ निर्यातकों को चुकाने होंगे, लेकिन हकीकत यह है कि लगभग सारे टैरिफ आयातक कंपनियों ने चुकाए और उनका कुछ बोझ अपने ग्राहकों पर भी डाला। इसलिए हाल के महीनों में अमेरिकी बाजारों में दैनिक जरूरत का सामान महंगा हुआ है। बेरोजगारी भी बढ़ रही है और संसदीय चुनाव सिर पर हैं। ट्रंप की लोकप्रियता का ग्राफ 40 प्रतिशत पर अटका हुआ है, जिसके चलते कांग्रेस में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत मिलने की प्रबल संभावना है। यदि ऐसा हुआ तो ट्रंप की तमाम आर्थिक नीतियों पर अंकुश लग जाएगा। दूसरी तरफ जिन-जिन देशों के साथ व्यापार समझौते हुए हैं, वे सभी उनपर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं। जापान, यूरोप, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश निवेश प्रस्तावों से कदम पीछे खींच रहे हैं, जिन्होंने टैरिफ के आतंक में निवेश का वादा किया था। इसलिए व्यापार समझौते का दबाव इस समय भारत की जगह अमेरिका पर है और भारत को इसका लाभ उठाते हुए चतुराई से मोलभाव करना चाहिए। जैसे प्रशिक्षित सेवाकर्मियों और छात्रों की मोबिलिटी से जुड़े एच1बी वीजा का फ्रेमवर्क में जिक्र नहीं है।

*अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के अंकुश से तिलमिलाए ट्रंप ने व्यापार अधिनियम की धारा 122 का प्रयोग करते हुए सभी देशों के आयात पर 24 फरवरी से 10 प्रतिशत सरचार्ज लगाने का एलान कर दिया और अगले ही दिन उसे उसकी अधिकतम सीमा तक बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की धमकी दे डाली। अब वे उन देशों को धारा 232, 301 और 388 के सहारे सबक सिखाने की धमकी दे रहे हैं जो नए सिरे से मोलभाव करने की योजना बना रहे हैं। धारा 232 उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के बहाने और धारा 301 अनुचित या भेदभावपूर्ण व्यापारिक हथकंडे अपनाने वालों के खिलाफ टैरिफ और प्रतिबंध थोपने का अधिकार देती हैं। धारा 388 अमेरिकी व्यापार को नुकसान पहुंचाने वाले देश पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार देती है, परंतु ये धाराएं न्यायिक जांच के बिना इंटरनेट मीडिया पर आधी रात के फरमानों से लागू नहीं की जा सकतीं और इन्हें अदालतों में चुनौती दी जा सकती है। धारा 122 के तहत लगाए सरचार्ज के लिए भी 150 दिनों के भीतर कांग्रेस का अनुमोदन लेना होगा जो चुनावों में उलझी कांग्रेस से ले पाना असंभव सा दिखता है। इसके अलावा ट्रंप अब दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने या कब्जा करने में उनका साथ देने पर विवश करने के लिए टैरिफ लगाने की धमकियों से दबाव नहीं डाल पाएंगे। भारत ने अमेरिका के दबाव में आने के बजाय दूसरों से समझौते करके अमेरिका पर दबाव बनाने की*

# नए नेपाल के निर्माण का जनादेश

नेपाल के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जा चुका है। आम चुनावों के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) देश की पहली लगभग पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने जा रही है। इस जीत के नायक 35 वर्षीय बालेंद्र शाह उर्फ बालेन हैं, जिनका प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। नेपाल में इस राजनीतिक बदलाव की नींव सितंबर 2025 में जेन-जी युवा आंदोलन ने रखी थी। नेपाल के राजनीतिक इतिहास में, जहां हर वर्ष दर्जनों नए दल बनते और मिटते हैं, जहां नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-एमाले और माओवादी केंद्र जैसे दशकों पुराने पारंपरिक दलों का एकछत्र वर्चस्व रहा है, जहां शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और गगन थापा जैसे दिग्गजों ने लंबे समय तक सत्ता की धुरी को नियंत्रण में रखा, जहां राजनीति सदैव पहाड़ बनाम मधेश, धार्मिक ध्रुवीकरण और नृजातीय समीकरणों के तराजू में तौली जाती रही है। ऐसे जटिल परिवेश में जिस दल की स्थापना महज चार वर्ष पूर्व हुई हो, उसकी ऐसी अभूतपूर्व चुनावी जीत कल्पना से परे थी। इस चुनावी सुनामी के पीछे दो प्रमुख कारण दिखते हैं। पहला, नए नेपाल की परिकल्पना का मूल आधार एक ऐसे राष्ट्र की स्थापना था, जो भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता से मुक्त हो। इस यात्रा की औपचारिक शुरुआत वर्ष 2008 में राजशाही के अंत और लोकतंत्र की स्थापना के साथ हुई। माना गया था कि सैकड़ों वर्षों के राजतंत्र, जिसमें सत्ता दरबार के वफादारों तक सीमित थी और जनता का एक बड़ा वर्ग हाशिये पर था, उसका अंत लोकतांत्रिक व्यवस्था से होगा।

विडंबना यह रही कि 2008 के बाद जो भी राजनीतिक दल उभरे, उनकी कार्यशैली और जड़ें पुरानी व्यवस्था से ही प्रभावित थीं। यद्यपि माओवादी दलों पर भी सत्ता की लोलुपता हावी रही। परिणामस्वरूप लोकतंत्र आने के बावजूद आम जनता को कोई वास्तविक राहत नहीं मिल सकी। नेपाल के पिछले 18 वर्षों के लोकतांत्रिक यात्रा में चार आम चुनावों के दौरान देश ने एक दर्जन से अधिक प्रधानमंत्री और दर्जनों उप-प्रधानमंत्री बदलते देखे हैं। राजनीतिक उठापटक के कारण कोई भी सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई। इस अनिश्चितता के बीच जनता ने आरएसपी को पूर्ण बहुमत देकर न केवल राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त किया है, बल्कि गठबंधन की मजबूरियों वाली राजनीति का भी अंत कर दिया है। चूंकि आरएसपी का कोई विवादास्पद पुराना इतिहास नहीं था, इसलिए जनता ने बालेन शाह के नेतृत्व पर अटूट भरोसा जताया। दूसरा, आरएसपी की जीत का श्रेय नेपाल के युवाओं को भी जाता है, जिन्होंने बालेन शाह को एक नए नेपाल के उद्भव का महत्वपूर्ण कारक माना। बालेन पेशे से इंजीनियर रहे हैं और बाद में रैप संगीत की दुनिया में उतरे। अपने संगीत के माध्यम से उन्होंने ऐसे सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को उठाया, जिनसे न केवल युवा, बल्कि आम जनता भी जुड़ पाई। यही कारण था कि जब उन्होंने 2022 में काठमांडू के मेयर का चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा तो उन्हें भारी जीत मिली। देश को बालेन के रूप में एक नया नेता तो मिल गया था, लेकिन किसी राजनीतिक दल के समर्थन के बिना राष्ट्रीय राजनीति के शीर्ष तक पहुंचना आसान नहीं था। पुराने दलों को कमजोर किए बिना यह संभव भी नहीं था और यही काम जेन जी आंदोलन ने किया। हालांकि युवाओं ने बालेन को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने का न्योता दिया था, लेकिन उसकी अवधि केवल छह महीने की थी, जबकि बालेन का सपना पांच वर्षों और उससे आगे की राजनीति का था। ऐसे में उन्होंने अंतरिम नेतृत्व स्वीकार करने के बजाय चुनावी रास्ता चुना और उसमें विजयी हुए। आरएसपी पत्रकार से राजनेता बने रबी लामिछाने के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ी, जो अपने पहले ही चुनाव में 2022 में 20 सीटों के साथ एक वैकल्पिक राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरी थी।



*विडंबना यह रही कि 2008 के बाद जो भी राजनीतिक दल उभरे, उनकी कार्यशैली और जड़ें पुरानी व्यवस्था से ही प्रभावित थीं। यद्यपि माओवादी दलों पर भी सत्ता की लोलुपता हावी रही। परिणामस्वरूप लोकतंत्र आने के बावजूद आम जनता को कोई वास्तविक राहत नहीं मिल सकी। नेपाल के पिछले 18 वर्षों के लोकतांत्रिक यात्रा में चार आम चुनावों के दौरान देश ने एक दर्जन से अधिक प्रधानमंत्री और दर्जनों उप-प्रधानमंत्री बदलते देखे हैं। राजनीतिक उठापटक के कारण कोई भी सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई। इस अनिश्चितता के बीच जनता ने आरएसपी को पूर्ण बहुमत देकर न केवल राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त किया है, बल्कि गठबंधन की मजबूरियों वाली राजनीति का भी अंत कर दिया है। चूंकि आरएसपी का कोई विवादास्पद पुराना इतिहास नहीं था, इसलिए जनता ने बालेन शाह*

# पश्चिम बंगाल सरकार पर उठे सवाल



किसी की भी अनदेखी-उपेक्षा उसका अनादर ही होता है। पश्चिम बंगाल के दौरे पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ ऐसा ही हुआ। चूंकि उन्होंने इसे लेकर अपनी आपत्ति और पीड़ा प्रकट की, इसलिए यह सहज ही समझा जा सकता है कि वास्तव में उनके लिए निर्धारित प्रोटोकाल का उल्लंघन किया गया। यह इससे सिद्ध भी होता है कि उनके कार्यक्रम स्थल में बार-बार बदलाव किया गया और अंततः उसका आयोजन ऐसी जगह किया गया, जहां लोगों को पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। इससे भी खराब बात यह रही कि बदले हुए आयोजन स्थल पर जा रहे लोगों को इस आधार पर प्रवेश करने से रोका गया कि उनके पास आवश्यक निमंत्रण पत्र नहीं हैं, लेकिन वे तो वितरित ही नहीं किए गए थे। स्पष्ट है कि बंगाल सरकार में कोई यह चाहता था कि राष्ट्रपति का यह कार्यक्रम सफल न होने पाए। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि आदिवासियों के जिस कार्यक्रम में आदिवासी समाज की राष्ट्रपति को सम्मिलित होना था, उसमें बाधाएं खड़ी की गईं। उनकी किस हद तक अनदेखी की गई, इसका एक प्रमाण यह भी है कि आयोजन स्थल पर उनके लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे कि शौचालय आदि की व्यवस्था तक नहीं की गई। राष्ट्रपति जिस तरह पूर्व निर्धारित आयोजन स्थल पर गईं, उससे उन्होंने बंगाल प्रशासन की पोल ही खोली, क्योंकि उन्होंने पाया कि वहां पर कहीं अधिक लोगों के एकत्रित होने के लिए पर्याप्त स्थान था। अच्छा होता कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनका प्रशासन यह समझता कि राष्ट्रपति के साथ उचित व्यवहार नहीं हुआ, लेकिन वे राष्ट्रपति को ही कठघरे में खड़ा करने में लग गईं। उन्होंने उन पर यह आरोप भी जड़ दिया कि वे भाजपा के इशारे पर राजनीति कर रही हैं। आखिर आदिवासियों के सम्मेलन में आदिवासी समाज की ही राष्ट्रपति का जाना दलगत राजनीति का विषय कैसे हो गया? यह समझ आता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव आयोग के खिलाफ धरने पर बैठे होने के कारण राष्ट्रपति की अगवानी के लिए नहीं पहुंच सकीं, लेकिन वे अपनी ओर से किसी मंत्री को तो इस कार्य के लिए नियुक्त कर ही सकती थीं। प्रोटोकाल भी यही कहता है और इसके कई उदाहरण हैं कि जब राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति अथवा प्रधानमंत्री के आगमन पर मुख्यमंत्री उपस्थित नहीं हो पाते तो वे अपने किसी मंत्री को उनके स्वागत के लिए भेजते हैं। कोई नहीं जानता कि ममता बनर्जी को अपनी जगह किसी मंत्री को राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए भेजने में क्या कठिनाई थी?

# एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ का भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ अपने यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत जयपुर से सीकर स्थित सांगलिया धूणी जाते समय चौमूं पहुंचे। इस अवसर पर चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला के निर्देशानुसार चौमूं स्थित राधास्वामी बाग कट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर, साफा बांधकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव डॉ. हनुमान बराला, निवर्तमान पार्षद सायर मल सैनी, शहजाद लोहानी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, पार्षद, सरपंच, एनएसयूआई छात्र संगठन, यूथ कांग्रेस व समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** मोहन लाल बुटोलिया जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) अखिल भारतीय खटीक समाज व चौमूं खटीक समाज अध्यक्ष डॉ. महेश गंगवाल व अध्यक्ष रामलाल बुटोलिया के नेतृत्व में होली के अवसर पर हुए विवाद के पश्चात तरुण बुटोलिया मूल निवासी चौमूं व हालिया निवासी स्थान जे.जे. कालोनी उत्तम नगर दिल्ली हत्या के प्रकरण में निष्पक्ष व दोषियो के विरुद्ध कठोर कारवाई को लेकर मुख्यमंत्री के नाम चौमूं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान लाखन बागोरिया, ओमकारमल चीथवाडी, वैद्य प्रकाश बुटोलिया, महेश बागौरिया, प्रशान्त बुटोलिया, मनोज बागोरिया, अनिल बुटोलिया, लोकेश बागोरिया, जगदीश प्रसाद बुटोलिया,ऋषी बागोरिया, गणेश गंगवाल, कैलाश बुटोलिया, गुलज़ारी गंगवाल, विक्रम खेजरोली, मुकेश सामरिया कालाडेरा व समस्त खटीक समाज शामिल रहा।

# *पूर्व केंद्रीय मंत्री करण सिंह से मिले जीएसएस अध्यक्ष हृदय सुमन पारीक*

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** देश के प्रमुख वेद विद्वान, गीता के ज्ञानी, राजनैतिक व आध्यात्मिक चिंतक, पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद, नरैना के पूर्व राजपरिवार के वंशज, कश्मीर के पूर्व सदर ए रियासत करण सिंह से उनके 95 वें जन्मदिन पर दिल्ली स्थित आवास पर नरैना जीएसएस अध्यक्ष हृदय सुमन पारीक ने मिलकर पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई व शुभकामनाएँ दी। पारीक ने बताया कि महाराज करण सिंह नरैना के लोगों से मिलकर अति प्रसन्न होते हैं। महाराज करण सिंह ने नरैना के समाचार, विकास और समस्याओं बाबत जानकारी ली और



समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास का आश्वासन दिया। बता दें कि पूर्व में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री महाराज करण सिंह मशहूर उद्योगपति व तत्तकालीन नगर सेठ रामजीदास मोदानी के तीसरे नं के पुत्र गोविन्द नारायण मोदानी के वैवाहिक निमंत्रण पर नरैना पधारे थे।

# प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले भर में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य भवन जालौर से प्रचार वाहन को जिला प्रजनन व शिशु स्वास्थ्य



अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला प्रजनन व शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच, परामर्श तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की समस्या को ध्यान में रखते हुए एफसीएम इंजेक्शन के बारे में जानकारी देते हुए नियमित सत्र भी आयोजित किये जा रहे है, जिससे गंभीर एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को प्रभावी उपचार मिल सके। उन्होंने बताया कि जिले भर में महिलाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया नियंत्रण, टीकाकरण, पोषण व सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों पर महिला स्वास्थ्य जांच शिविर, परामर्श सत्र व जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भौमाराम चौधरी, चंद्रशेखर जैन, आयुवान सिंह, नरेंद्र कुमार, इमरान बेग, शंकर सुथार, गुलाम खान समेत कई लोग मौजूद रहे।

## लंदन से जुड़े खिवांदी के भामाशाह का बड़ा सहयोग

# के.सी. जैन देंगे गौशाला को इलेक्ट्रिक टेंपो, चतुर्भुज शर्मा करवाएंगे ट्यूबवेल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** गौसेवा की पावन परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सुमेरपुर क्षेत्र स्थित श्रीराम गौशाला को समाज के भामाशाहों का लगातार सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में खिवांदी मूल निवासी एवं वर्तमान में लंदन प्रवासी समाजसेवी भामाशाह के.सी. जैन ने सराहनीय पहल करते हुए जैन नवयुग मंडल की ओर से श्रीराम गौशाला को इलेक्ट्रिक टेंपो भेंट करने की घोषणा की है। वहीं गौशाला के उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने भीषण गर्मी को देखते हुए गौवंश के लिए गौशाला परिसर में ट्यूबवेल खुदवाने का संकल्प लिया है। इन दोनों घोषणाओं से गौशाला परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार रविवार को गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला के






निर्देशन में उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य गौशाला में मौजूद रहे। इसी दौरान समाजसेवी के.सी. जैन गौशाला पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जैन ने गौमाता की सेवा के लिए 61 हजार रुपए की दान स्वरूप सहयोग राशि भी भेंट की। गौशाला पदाधिकारियों ने उन्हें गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं और गोवंश की सेवा से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। चर्चा के दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि गौशाला में गोवंश के लिए चारा लाने, बीमार पशुओं को उपचार के लिए ले जाने तथा दवाइयों व अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाने के लिए एक ऑटो या टेंपो की अत्यंत आवश्यकता महसूस की जा रही है। गौशाला की आवश्यकता सुनने के बाद भामाशाह के.सी. जैन ने पहले दो दिन में निर्णय बताने की बात कही, लेकिन गौसेवा के प्रति उनकी संवेदनशीलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अगले ही दिन अलसुबह उन्होंने गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला को फोन कर जैन नवयुग मंडल की ओर से इलेक्ट्रिक टेंपो भेंट करने की सहमति प्रदान कर दी। गौशाला प्रबंधन के अनुसार इलेक्ट्रिक टेंपो मिलने से गौशाला के दैनिक कार्यों में काफी सुविधा होगी। इससे गोवंश के लिए चारा लाने, घायल या बीमार पशुओं को उपचार के लिए ले जाने तथा दवाइयों और अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाने जैसे कार्य तेज और सुगम हो सकेंगे।

इसी क्रम में गौशाला के उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने अपनी माताजी की पुण्य स्मृति में गौशाला परिसर में ट्यूबवेल खुदवाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में गोवंश के लिए पानी की व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है। ट्यूबवेल बनने से सैकड़ों गोवंश को स्वच्छ और पर्याप्त पानी मिल सकेगा तथा पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला ने जब टेंपो की आवश्यकता का जिक्र किया, तब भामाशाह के.सी. जैन ने उनके कंधे पर हाथ रखते हुए कहा, 'धीरज रखो, गौ माता सब अच्छा करेगी।' इसके बाद गौ माता की कृपा और भामाशाह की उदारता से यह घोषणा रातों-रात पूरी हो गई। गौशाला प्रबंधन और गौसेवकों ने के.सी. जैन और चतुर्भुज शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के भामाशाहों के सहयोग से ही सैकड़ों गोवंश की सेवा संभव हो पा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रेरणादायक पहल से समाज में गौसेवा के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना और मजबूत होगी। इस मौके पर गौशाला व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, मोहन दास वैष्णव सहित गौशाला के कर्मचारी और गौसेवक उपस्थित रहे।

# फुलेरा उप जिला अस्पताल में उद्घाटन के बाद भी एसएनसीयू यूनिट पर ताले

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** फुलेरा के उप जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के उपचार के लिए बनाई गई एसएनसीयू का उद्घाटन 18 फरवरी को आनन-फानन में कर दिया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि उद्घाटन के कई दिन बाद भी इस यूनिट पर ताले लगे हुए हैं और इसे अभी तक मरीजों के लिए शुरू नहीं किया गया है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार एसएनसीयू यूनिट का उद्घाटन सादे समारोह में किया गया, जिसमें किसी भी जनप्रतिनिधि को आमंत्रित नहीं किया गया। उद्घाटन के दौरान चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र भामू, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष तिवारी सहित अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे। एसएनसीयू यूनिट नवजात शिशुओं के उपचार के लिए बेहद महत्वपूर्ण सुविधा मानी जाती है, लेकिन इसके बावजूद यूनिट शुरू नहीं होने से क्षेत्र के मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गंभीर स्थिति में नवजात शिशुओं को उपचार के लिए जयपुर के बड़े अस्पतालों में ले जाना पड़ रहा है, जिससे परिजनों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। इधर उप जिला अस्पताल में पहले से ही कई तरह की अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है, लेकिन इसके बावजूद जनप्रतिनिधि भी इस चिकित्सालय की सुध लेते नजर नहीं आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में सुविधाएं होने के बावजूद उनका पूरा लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि यदि विभागीय अधिकारी अचानक निरीक्षण करें तो उप जिला अस्पताल में कई तरह की अव्यवस्थाएं सामने आ सकती हैं। लोगों का आरोप है कि व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि एसएनसीयू यूनिट को जल्द शुरू करवाया जाए, ताकि क्षेत्र के नवजात शिशुओं को बेहतर उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल सके।

# सोलह दिवसीय गणगौर पूजन महोत्सव की धूम

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** शहर में सोलह दिवसीय गणगौर पूजन महोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गणगौर पर्व को लेकर नवविवाहितों, महिलाओं और युवतियो में खास उत्साह देखा जा रहा है। धूलंडी पर्व के दिन से ही होली दहन स्थल से लाई गई पवित्र राख और मिट्टी से नवविवाहित महिलाओं व युवतियों ने ईसर गणगौर की प्रतिमाएं बनाकर मंगल कलश स्थापित कर दूब, पुष्प व सुहाग सामग्री के साथ गणगौर माता की पूजा प्रारंभ कर दी है। नवविवाहितों के घरों पर आसपास की महिलाएं एकत्रित होकर परंपरानुसार बगीचों से हरी दूब लेकर आ रही है। इसके बाद सब एक साथ मिलकर ईसर गणगौर की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करके अपने परिवार की सुख- समृद्धि की कामना कर रही हैं। इसी क्रम में शहर के धोली मंडी तहसील भवन के पीछे स्थित तारा कॉलोनी में नवविवाहित महिलाएं और युवतियां श्रद्धा एवं उल्लास के साथ लोकगीतों गौर-गौर गोमती, ईसर पूजै पार्वती की मधुर स्वर लहरियों के साथ गणगौर माता की पूजा कर रही हैं। जिससे आसपास का वातावरण धार्मिक एवं भक्तिमय हो रहा है। माता गौर पार्वती और ईसर शिव की आराधना का प्रतीक गणगौर पूजन महोत्सव धूमधाम के साथ मनाते हुए एक ओर जहां नवविवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। वहीं दूसरी ओर अविवाहित युवतियां मनचाहे वर की कामना कर रही हैं। क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लो व कॉलोनियो में प्रतिदिन सुबह-शाम को गणगौर माता की पूजा, गीत संगीत व मंगलकामनाओं का सिलसिला जारी है,जो कि गणगौर पर्व तक चलेगा। गणगौर पूज रही महिलाओं में शीला टेलर, किरण शर्मा, मीना शर्मा, पूजा जांगिड़, सरिता शर्मा, सुनीता चौधरी, स्वीटी भातरा, पूजा शर्मा, चित्रा शर्मा, राजेश्वरी जांगिड़, निशा भारद्वाज, पूनम जांगिड़, सरोज जांगिड़, अमिता जांगिड़, पूजा शर्मा, रश्मि जांगिड़ प्रमुख हैं।

# *आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण*

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निस)।** उपखंड क्षेत्र के शिवदासपुरा अटल सेवा केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण यूनिसेफ की सहयोगी संस्था प्रारंभ फाउंडेशन की ओर से दिया गया। प्रारम्भ फाउंडेशन से रेखा दोराता ने आए हुए सभी संभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों से अवगत करवाया। प्रारंभ फाउंडेशन के निदेशक संदीप एडविन ने सभी कार्यकर्ताओं को वर्कबुक पर कार्य करवाने के लिए सामान्य निर्देश दिए। उन्हें बताया गया कि साप्ताहिक कैलेंडर और इंद्रधनुष 2.0 से किस प्रकार गतिविधियां करवानी है। साथ ही इस सप्ताह हमारे मददगार थीम पर काम करवाया जा रहा है, उसी के अनुसार सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने केंद्रों को व्यवस्थित कर रखना है। प्रारंभ फाउंडेशन सेआलोक पीटर ने सभी कार्यकर्ताओं को समग्र प्रमाण पत्र भरने व नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र को व्यवस्थित कर के रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मन्स्था संस्था से अतुल वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। आई सी जी कॉलेज से मनो विशेषज्ञ मेघा ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से उनकी मानसिक समस्याओं को किस प्रकार से दूर किया जा सकता है, इसके बारे में सभी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। फॉर्टिस हॉस्पिटल से डॉक्टर सुरभी ने सभी कार्यकर्ताओं से उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके समाधान भी बताएं गए। इस अवसर पर प्रारंभ फाउंडेशन से पिंकी मीणा सेक्टर की सभी कार्यकर्ता व आई सी जी कॉलेज के इंटर्न उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर आशा सहयोगिनियों ने सौंपा ज्ञापन, कार्य बहिष्कार की चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**मकराना(निस)।** आशा सहयोगिनियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि चिकित्सा विभाग की ओर से आशा सहयोगिनियों की महत्वपूर्ण मांगों पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे उनमें रोष व्याप्त है। आशा सहयोगिनियों ने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि नियमितीकरण व सेवा विनियम 2022 के तहत आशा सहयोगिनियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। इसके साथ ही ऑनलाइन आधारित कार्य प्रणाली के अनुरूप न्यूनतम 18,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। इसके अलावा ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि योग्य आशा वर्कर्स को एएनएम एवं सुपरवाइजर पदों की भर्ती में प्राथमिकता दी जाए। साथ ही पीसीटीएस के कार्य का भुगतान भी उचित रूप से किया जाए। आशा सहयोगिनियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो वे अपने कार्यों का बहिष्कार करने के लिए मजबूर होंगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन पर कई आशा सहयोगिनियों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई। इस दौरान मुन्नी, फेमिदा बेगम, ललिता, लीला, बिंदु, अफसाना, रेखा,सावित्री, कौशल, आइसा, जाहिदा, संतोष गुलाब देवी, सरोज शर्मा, संगीता, शखीला, मनोज, शहनाज सहित बड़ी संख्या में आशा सहयोगिनियां मौजूद रही।

## कवि सम्मेलन में जमकर लगे ठहाके, होली गीतों व गजलों से सजी शाम

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय कवि संगम धौलपुर के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष हरेंद्र 'हर्ष' के निर्देशन और महामंत्री राम पटसारिया के संयोजन में पप्पू जाट मैरिज गार्डन में महिला दिवस के अवसर पर होली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के करीब 25 कवियों ने काव्यपाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि राजवीर सिंह 'क्रांति' और बृजमोहन शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सैंपऊ से आए गीतकार बाबूलाल 'सागर' ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मनिया से आए सुरेंद्र शर्मा, संजीव राज सिंह परमार, रजनी शर्मा 'मृदुल', बाबूलाल 'सागर', राजवीर सिंह 'क्रांति', राम पटसारिया और श्रीराम शाक्य ने गीत, गजल और होली गीत प्रस्तुत कर माहौल को रंगीन बना दिया। जिलाध्यक्ष हरेंद्र 'हर्ष' ने अपने मुक्तक 'फगुनबा का मजा जब है कोई तुमसे नहीं रूठे... लगाओ रंग तो ऐसे न सालों साल तक छूटे' सुनाकर खूब तालियां बटोरीं।

## आरती के दौरान मधुमक्खियों के हमले में 6 घायल

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** संत शिरोमणि त्यागमूर्ति आचार्य सद्गुरु श्री गरीब साहेब जी की 114वीं जयंती के उपलक्ष्य में देवयानी तीर्थ सरोवर स्थित सत्संग भवन में सोमवार को भव्य सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे संध्या पाठ के साथ हुआ। इसके बाद सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक संत महात्माओं के प्रवचनों एवं साहेब की अमृत वाणी और भजनों के माध्यम से उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में संत शी सहज साहेब, रामरतन साहेब, बालेसर साहेब, कमल साहेब, मोहनदास साहेब, हुक्मदास साहेब, नारायण प्रकाश साहेब, भानु प्रकाश दास साहेब, साध्वी छाया साहेब, मीना साहेब, जुगल साहेब, हेमाराम साहेब, पूरण साहेब सहित कई संत-महात्मा मौजूद रहे। इस दौरान शाम करीब 4:30 बजे आरती के समय अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे कार्यक्रम में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। मधुमक्खियों के हमले में मदनलाल, ताराचंद तंवर, देवनारायण साखोलिया, नाथूलाल तंवर, हलवाई राजेश बंजारा घायल हो गए। घटना की सूचना उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल को दूरभाष पर दी गई, जिस पर उन्होंने तत्काल 108 एंबुलेंस भेजकर घायलों को उप जिला अस्पताल पहुंचाया।

# भाजपा ही ऐसी पार्टी जो छोटे कार्यकर्ता को भी बड़ा पद देती है: श्रवण कुमार वर्मा

## जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान की कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रवि नय्यर रहे।
विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बाड़ी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज सिंह मलिंगा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. शिवचरण कुशवाहा, पूर्व मंत्री जगमोहन बघेल तथा विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी श्रवण कुमार वर्मा मंचासीन रहे। इसके अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष बांकेलाल लोधा और पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशंभर दयाल शर्मा भी उपस्थित रहे। जिला प्रभारी रवि नय्यर ने कहा कि जिला और मंडल स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी आवश्यक होगी। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को अनुशासन, समर्पण और केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए तैयार किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने धौलपुर जिले के नेताओं को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी देकर जिले का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर नव नियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी और अनुशासित पार्टी है, जो छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी बड़ा पद देकर सम्मानित करती है। कार्यक्रम को डॉ. शिवचरण कुशवाहा, गिरिराज सिंह मलिंगा, बांकेलाल लोधा, विशंभर दयाल शर्मा, जगमोहन बघेल और जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के संयोजक अनिल गोयल, सह संयोजक डॉ. मनोज शर्मा, विजय त्यागी और कल्पना शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुकेश हनुमानपुरा, लक्ष्मण तोमर, ऊषा जाटव, भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, पूर्व पंचायत समिति सदस्य वाचा राम बघेल, पंचायत समिति सदस्य दीपू कुशवाहा, आईटी प्रभारी हरेंद्र राव, सोशल मीडिया प्रभारी रितिक वर्मा, लोकेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष भैरव सिंह परमार, सुभाष तोमर, धर्मवीर सिंह, रामलखन, रजत शर्मा, हेम सिंह बघेला, वंदना शिवहरे, विशाल शर्मा, जयवीर सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, पूर्व कार्यालय मंत्री नंदकिशोर शुक्ला, कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, पूर्व मंत्री विनय परमार, जितेंद्र तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुस्ताक कुरैशी, हाकिम लोधा, राजा भैया सिकरवार, प्रदीप सिसोदिया, पंकज शर्मा, अनमोल बंसल, राजकुमार कुशवाहा, शशिकांत शर्मा, शशि त्यागी, नेहा सिंह, नर्मदा शर्मा, शिप्रा गर्ग, एससी मोर्चा संयोजक रामभरोसी जाटव, डीके कुशवाहा, राजकुमार गुर्जर, फैजल खान, रामू सिकरवार, चतुर सिंह जाटव, रितेश सक्सेना, सुभाष गर्ग और दुर्गेश श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## मण्डावा की मनीषा मौर्य का महिला दिवस पर सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर उद्यान परिषद, जयपुर की ओर से आयोजित छटा सर्व समाज नारी गौरव सम्मान 2026 समारोह में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए मनीषा मौर्य को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न महिलाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मण्डावा निवासी मनीषा मौर्य को समाज में महिलाओं को जागरूक करने, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करने तथा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर मनीषा मौर्य ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही समाज के विकास की असली ताकत है। उन्होंने सभी महिलाओं से आगे बढ़कर अपने अधिकारों और क्षमताओं को पहचानने की अपील की।

## ढांढण दादी परिवार की मीटिंग आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** श्री ढांढण दादी परिवार की मीटिंग संस्था के उपाध्यक्ष रतनलाल बजाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें ढांढण दादी परिवार का बीसवां वार्षिकोत्सव वविराट भजन संध्या धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया जिसके लिए विभिन्न समितियां बनाई गई। वार्षिकोत्सव में दादीजी का भव्य श्रृंगार अखण्ड ज्योत विशेष आकर्षण रहेंगे विराट भजन संध्या में देश के सुविख्यात गायक कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। मीटिंग में मंत्री मुकेश बजाज, कोषाध्यक्ष नरेश बजाज,विनीत सुशील बजाज, संयोजक संदीप बजाज, सुरेश बजाज,संजय बजाज, राजेश, शिवकुमार बजाज, पुनीत बजाज, अभिषेक, संजेश बजाज अमित बजाज, सुमित बजाज उपस्थित रहे।

## धर्म की रक्षा के लिए प्रभु लेते हैं अवतारः दिनेशगिरी



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** गांव गुड़ावड़ी स्थित श्री श्याम मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा वाचक महंत दिनेशगिरी महाराज ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है और अधर्मी व अहंकारी लोगों की संख्या बढ़ती है, तब-तब भगवान मानव रूप में अवतार लेकर सज्जनों की रक्षा और दुष्टों का विनाश करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने भी पृथ्वी और गौ माता की पुकार सुनकर रघुकुल में अवतार लिया। महाराज ने बताया कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण ही सबसे बड़ा सहारा है। कथा के दौरान उन्होंने गौ सेवा को सर्वोपरि धर्म बताते हुए कहा कि सच्चे भाव और प्रेम से प्रभु को पाया जा सकता है। शबरी, मीरा और करमा बाई जैसे भक्तों ने भी भक्ति भाव से भगवान को प्राप्त किया। कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को गौ रक्षा का संकल्प भी दिलाया गया।

## प्रतियोगिता में राजस्थान ग्रामीण कॉलेज थोई विजेता



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं/बड़ागांव(निस)।** गोमती देवी कॉलेज परिसर में आयोजित गतका पुरुष व महिला प्रतियोगिता में करीब 110 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राजस्थान ग्रामीण कॉलेज, थोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि मेजबान गोमती देवी कॉलेज, बड़ागांव उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथियों ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का सम्मान करते हुए उन्हें पारितोषिक प्रदान किए। इस मौके पर कॉलेज निदेशक सी.एल. शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का अभिवादन करते हुए विजेता व उपविजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने विश्वविद्यालय का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। वहीं प्रिंसिपल डॉ. निधि शेखावत ने कॉलेज प्रबंधन, स्टाफ और छात्र-छात्राओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## होली में रंग में रंगे पूर्व मंत्री डा. राजकुमार शर्मा, ढोल की थाप पर जमकर थिरके

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** पूर्व मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा होली पर अपने विधानसभा क्षेत्र में होली मनाई। जिले में इस बार होली का रंग कुछ अलग ही नजर आया। पूर्व मंत्री शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र के गांवों में पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ पारंपरिक अंदाज में होली स्नेह मिलन में हिस्सा लिया। मण्डावा की सत्यनारायण हाळी टोळी के साथ नृत्य किया तथा होली की शुभकामनाएं दी। होली के गीतों पर लोगों के साथ डांस किया।

### देसी अंदाज ने जीता सबका दिलः

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री शर्मा पूरी तरह से शेखावाटी की संस्कृति के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने न केवल लोगों को पर्व की बधाई दी, बल्कि खुद ढोल-नगाड़ों की कमान संभाल ली।ढोल की थाप और पारंपरिक लोक गीतों के बीच मंत्री जी को झूमते देख कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना हो गया। उनके साथ मौजूद स्थानीय लोगों ने भी जमकर नृत्य किया, और 'होली है' के जयकारों से पूरा माहौल गुंजायमान हो गया। उनका ये अंदाज लोगों का द?िल जीत लीया।

### संस्कृति और सादगी का संगमः

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में पूर्व मंत्री शर्मा बिना किसी वीआईपी प्रोटोकॉल के ज़मीन पर बैठकर लोगों के साथ फाग गाते और खुशियां बांटते दिखे।कार्यकर्ताओं का कहना है कि शर्मा का यह सादगी भरा अंदाज ही उन्हें जनता के करीब लाता है। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली की कामना की, और कहा कि बृज की होली भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है । गौरतलब है कि मंत्री बेढम के प्रयासों से ही हाल ही में 'नगर' का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से 'बृज नगर' किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में इस बार होली को लेकर विशेष हर्ष देखा गया।

## 16 दिवसीय गणगौर पूजन महोत्सवः महिलाओं और युवतियों में उत्साह-उमंग

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** कस्बे में 16 दिवसीय गणगौर पूजन महोत्सव लगातार जारी है। धुलंडी के दिन से शुरू हुए इस पर्व में नवविवाहित महिलाएं और युवतियां भाग ले रही हैं। परंपरा के अनुसार, महिलाएं होलिका दहन स्थल से लाई गई पवित्र राख और मिट्टी से ईसर-गणगौर की प्रतिमाएं बनाती हैं। इसके बाद मंगल कलश स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। गणगौर माता की पूजा के लिए महिलाएं सुबह और शाम एकत्रित होती हैं। वे दूब, पुष्प और सुहाग सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। नवविवाहित महिलाओं के घरों पर आसपास की महिलाएं और युवतियां सामूहिक रूप से पार्क से हरी दूब लाकर विधि-विधान से पूजा करती हैं। अखंड सौभाग्य और परिवार की खुशहाली की कामना कस्बे में भी नवविवाहित महिलाएं और युवतियां गणगौर माता की पूजा कर रही हैं। इस दौरान 'गौर-गौर गोमती, ईसर पूजै पार्वती' जैसे पारंपरिक लोकगीत गाए जा रहे हैं। गणगौर पर्व माता पार्वती और भगवान शिव की आराधना का प्रतीक है। इस दौरान नवविवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य और परिवार की खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां मनचाहे वर की कामना करती हैं। शहर के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों में प्रतिदिन सुबह-शाम गणगौर माता की पूजा और लोकगीतों का आयोजन किया जा रहा है, जो पर्व समाप्त होने तक जारी रहेगा। पूजा में शीला, किरण, मीना, पूजा, सरिता, सुनीता, स्वीटी, पूजा, चित्रा, राजेश्वरी, निशा, पूनम, सरोज, अमिता और रश्मि सहित कई महिलाएं शामिल हैं।

## नैत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर 17 को

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ व जानकीप्रसाद शर्मा मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इस्माइल छींपा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र रफीक कूकड़ा के सौजन्य से 17 मार्च को आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर के पोस्टर व पैंपलेट का विमोचन द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त नेत्र शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया की ओर से रोगियों की निःशुल्क जांच कर ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से निःशुल्क किए जाएंगे। विमोचन के दौरान डॉ सरोज कुमार छाबड़ा, एडवोकेट पवन दाधीच, डॉ अपूर्व कोटिया, भामाशाह रफीक कूकड़ा, हरि प्रसाद तोदी, क्लब सचिव महावीर मिरनका, हाजी मोहम्मद, ललित सोनी, गिरधर शर्मा आदि मौजूद रहे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No: 3632-3641 Date: 05.03.2026

**Notice Inviting Bid No 32/2025-26**

Bids for 2 (Two Nos) work are invited from interested bidders upto 03.00 PM dated 13.03.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 13.20 Lacs

NIB No PWD2526A6004
UBN NO :-
1. PWD2526WSOB25018 2. PWD2526WSOB25019

DIPR/C/4965/2026

**Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh**

**OFFICE OF PANCHAYAT SAMITI PATAN (SIKAR)**

S.No. 526 DATE : 06-03-26

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 06-03-2026, 09:30 AM to 12-03-2026, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS.500000/-

UBN No. PKP2526WSOB000387

**BDO
PS PATAN**

## हमले के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय एक नंबर रेल फाटक के पास लोहे की रोड़ से युवक पर हमला करने के मामले में आरोपी का जमानत आवेदन स्थानीय अपर जिला व सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक एडवोकेट श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि प्रकरण में घायल व्यक्ति अरमान की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे सीकर, जयपुर रैफर भी करना पड़ा था। मामले में न्यायालय ने आरोपी मो.द रब्बानी पुत्र अकरम का जमानत आवेदन एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी ने खारिज कर दिया।

राजस्थान सरकार

**सार्वजनिक निर्माण विभाग
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें**

**प्रपत्र - 7
(अतर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदशिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम सख्या 30) की धारा 11(1) एव राजस्थान नियम 16 (1))**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

क्रमांक संख्याः दिनांक

चूंकि ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन के लिए राजस्थान राज्य के चूरू जिले में चूरू सादुलपुर खण्ड, अग्रसेन नगर, चूरू के कि.मी. 282/5-6 पर एल.सी.-167ए, के स्थान पर आर. ओ.बी. (ROB) के निर्माण हेतु कुल 0.1645 हैक्टेयर भूमि अपेक्षित है। सामाजिक समाघात मूल्याकन अध्ययन (एसआईए) का कार्य मेसर्स आर वी इन्फ्रा कंसल्टेंट, जयपुर द्वारा किया गया था। एस.आई.ए. अध्ययन की रिपोर्ट का मूल्यांकन नियम 16 के अन्तर्गत सरकार द्वारा गठित बहुउद्देशीय कमेटी द्वारा किया गया जिसे सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था।

1. अधिसूचित भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) में उचित क्षतिपूर्ति और पारदर्शिता के अधिकार की धारा 11(1) के तहत की गई है।

2. राज्य सरकार उन समस्त अधिकारीयों को, जिनका इससे संबंध है, को ईलाके में किसी भी भूमि का सर्वे, नाप व लेवल के लिए प्रवेश करने, भूमि के नीचे मिट्टी की जांच के लिए बोर करने या परियोजना के क्रियान्वयन व उचित निर्माण के लिए अधिनियम की धारा 12 के अन्तर्गत वर्णित प्रावधानों के अनुसार प्राधिकृत किया जाता है।

3. भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11(4) के अनुसार कोई भी व्यक्ति ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख पर अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों को पूरा हो जाने के समय तक प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चूरू, जिला- चूरू की अनुमति के बिना कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार कराएगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

4. उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 21 दिवस के भीतर अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत अधिग्रहण के संबंध में आपत्तियां भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चूरू, जिला-चूरू के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा।

**विवरण**

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू, जिला-चूरू (राज.) राजस्थान राज्य के चूरू जिले में चूरू सादुलपुर खण्ड, अग्रसेन नगर, चूरू के कि.मी. 282/5-6 पर एल. सी. - 167ए, के स्थान पर आर.ओ.बी. (ROB) के निर्माण हेतु भूमि की अवाप्ति हेतु धारा-11 एवं धारा-12 की कार्यवाही बाबत प्रस्ताव

DIPR/C/4755/2026

**संयुक्त सचिव (पथ)
सार्वजनिक निर्माण विभाग**

राजस्थान सरकार

**सार्वजनिक निर्माण विभाग
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें**

**प्रपत्र - 7
(अतर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदशिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम सख्या 30) की धारा 11 ( 1 ) एव राजस्थान नियम 16 (1))**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

क्रमांक संख्याः दिनांक

चूंकि ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन के लिए राजस्थान राज्य के चूरू जिले में रामनगर तिराहा (चूरू) में चूरू-रामगढ़ शेखावटी रेलवे लाईन पर आर. यू. बी. ( RUB ) के निर्माण के लिए कुल 0.9221 हैक्टेयर भूमि अपेक्षित है। सामाजिक समाघात मूल्याकन अध्ययन (एसआईए) का कार्य मेसर्स आर वी इन्फ्रा कंसल्टेंट, जयपुर द्वारा किया गया था। एस.आई.ए. अध्ययन की रिपोर्ट का मूल्यांकन नियम 16 के अन्तर्गत सरकार द्वारा गठित बहुउद्देशीय कमेटी द्वारा किया गया जिसे सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था।

1. अधिसूचित भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन अधिनियम 2013 ( अधिनियम संख्या 30/2013) में उचित क्षतिपूर्ति और पारदर्शिता के अधिकार की धारा 11(1) के तहत की गई है।

2. राज्य सरकार उन समस्त अधिकारीयों को, जिनका इससे संबंध है, को ईलाके में किसी भी भूमि का सर्वे, नाप व लेवल के लिए प्रवेश करने, भूमि के नीचे मिट्टी की जांच के लिए बोर करने या परियोजना के क्रियान्वयन व उचित निर्माण के लिए अधिनियम की धारा 12 के अन्तर्गत वर्णित प्रावधानों के अनुसार प्राधिकृत किया जाता है।

3. भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11(4) के अनुसार कोई भी व्यक्ति ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख पर अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों को पूरा हो जाने के समय तक प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चूरू, जिला-चूरू की अनुमति के बिना कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार कराएगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

4. उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 21 दिवस के भीतर अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत अधिग्रहण के संबंध में आपत्तियां भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चूरू, जिला-चूरू के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा।

**विवरण**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-चूरू, जिला-चूरू (राज.)**
राजस्थान राज्य के चूरू जिले में रामनगर तिराहा (चूरू) में चूरू - रामगढ़ शेखावटी रेलवे लाईन पर आर. यू.बी. (RUB) के निर्माण हेतु भूमि की अवाप्ति हेतु धारा-11 एवं धारा-12 की कार्यवाही बाबत प्रस्ताव

DIPR/C/4756/2026

**संयुक्त सचिव (पथ)
सार्वजनिक निर्माण विभाग**

राजस्थान सरकार

**सार्वजनिक निर्माण विभाग
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें**

**प्रपत्र - 7
(अतर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदशिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम सख्या 30) की धारा 11 ( 1 ) एव राजस्थान नियम 16 (1))**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

क्रमांक संख्याः दिनांक

चूंकि ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन के लिए राजस्थान राज्य के चूरू जिले की चूरू तहसील के ग्राम सिरसला रेलवे लाईन पर आर.यू.बी. ( RUB ) के निर्माण के लिए कुल 0.40 हैक्टेयर भूमि अपेक्षित है। सामाजिक समाघात मूल्याकन अध्ययन (एसआईए) का कार्य मेसर्स आर वी इन्फ्रा कंसल्टेंट, जयपुर द्वारा किया गया था। एस.आई.ए. अध्ययन की रिपोर्ट का मूल्यांकन नियम 16 के अन्तर्गत सरकार द्वारा गठित बहुउद्देशीय कमेटी द्वारा किया गया जिसे सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था।

1. अधिसूचित भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन अधिनियम 2013 ( अधिनियम संख्या 30/2013 ) में उचित क्षतिपूर्ति और पारदर्शिता के अधिकार की धारा 11 (1) के तहत की गई है।

2. राज्य सरकार उन समस्त अधिकारीयों को, जिनका इससे संबंध है, को ईलाके में किसी भी भूमि का सर्वे, नाप व लेवल के लिए प्रवेश करने, भूमि के नीचे मिट्टी की जांच के लिए बोर करने या परियोजना के क्रियान्वयन व उचित निर्माण के लिए अधिनियम की धारा 12 के अन्तर्गत वर्णित प्रावधानों के अनुसार प्राधिकृत किया जाता है।

3. भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11(4) के अनुसार कोई भी व्यक्ति ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख पर अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों को पूरा हो जाने के समय तक प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चूरू, जिला-चूरू की अनुमति के बिना कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार कराएगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

4. उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 21 दिवस के भीतर अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत अधिग्रहण के संबंध में आपत्तियां भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चूरू, जिला-चूरू के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा।

**विवरण**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू, जिला-चूरू (राज.)**
राजस्थान राज्य के चूरू जिले की चूरू तहसील के ग्राम-सिरसला रेलवे लाईन पर आर.यू.बी. (RUB) के निर्माण हेतु भूमि की अवाप्ति हेतु धारा-11 एवं धारा-12 की कार्यवाही बाबत प्रस्ताव

DIPR/C/4757/2026

**संयुक्त सचिव (पथ)
सार्वजनिक निर्माण विभाग**

# धौलपुर में जल जीवन मिशन की धीमी रफ्तार पर विधायक ने उठाए सवाल

## टंकियां व पाइपलाइन तैयार, फिर भी कई गांवों में नहीं पहुंच रहा पानी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा ने राजस्थान विधानसभा में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की धीमी गति और शहर में पेयजल की गंभीर समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में पानी की टंकियां बन चुकी हैं और पाइपलाइन भी बिछा दी गई है,



लेकिन इसके बावजूद नियमित जल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। विधानसभा में सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए विधायक ने कहा कि धौलपुर शहर में भी पेयजल संकट से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम से पहले ही लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल जीवन मिशन के तहत अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए और गांवों के साथ-साथ शहर में भी नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। विधायक कुशवाहा ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाना उनकी प्राथमिकता है और धौलपुर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयास करती रहेंगी।

# विधायक गोपाल खंडेलवाल ने विधानसभा में उठाई रोडवेज बसों के पुनः संचालन की मांग

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधानसभा क्षेत्र में रोडवेज बसों की कमी और पुराने रूटों के बंद होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक खंडेलवाल ने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए



कहा कि क्षेत्र में बसों का संचालन नहीं होने से न केवल आम जनता को परेशानी हो रही है, बल्कि निगम को भी भारी वित्तीय घाटा उठाना पड़ रहा है।विधायक ने भीलवाड़ा से जोगणिया माता वाया बडलियास, बरुंधनी, सिंगोली। भीलवाड़ा से कोटाः वाया मांडलगढ़, बिजौलिया, भीलवाड़ा से कोटाः वाया महुआ, श्यामपुरा, बिजौलिया से बूंदी व वापसी शाम 5 बजे, भीलवाड़ा से रावतभाटाः वाया सवाईपुर, आकोला, बडलियास, बरुंधनी, सिंगोली, बिछोर, बेगूं।भीलवाड़ा से मांडलगढ, भीलवाड़ा से काछोला/सरथलाः वाया कोटड़ी, मंशा, गेहूली, ककरोलिया घाटी, राजगढ़। भीलवाड़ा से बिजौलियाः वाया त्रिवेणी, मानपुरा, धामनिया, जसुजी का खेड़ा, सरथला, झंझोला, मांगटला, माल का खेड़ा बस संचालन की मांग की। वहीं विधायक ने हाल ही में शुरू की गई ई-बसों के संचालन के लिए सरकार का धन्यवाद भी दिया।

# तरुण खटीक की हत्या के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** दिल्ली के उत्तमनगर में तरुण खटीक की मॉब लिंचिंग के मामले में खटीक समाज ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री दिल्ली के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर हत्या के आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि तरुण की निर्मम हत्या से खटीक समाज समेत देश भर में आक्रोश व्याप्त हैं। सभी हत्यारो को शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कठोरतम दंड व फांसी की सजा दिलाई जाने और पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की गई।

# राजाखेड़ा में विष्णु कुमार को लगाया ईओ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा नगर पालिका में नए अधिशासी अधिकारी विष्णु कुमार होंगे।अधिशासी अधिकारी का पद एक बार फिर अतिरिक्त कार्यवाहक के रूप में विष्णु कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर प्रशासनिक अधिकारी कारणों अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, मनिया को अपने पद के



कार्य के साथ-साथ अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, राजाखेडा के रिक्त पद का अतिरिक्त कार्य करने के लिए अग्रिम आदेशों तक अधिकृत किया जाता है। क्रमांक : प.1 (क) (08) कार्मिक / आर.एम.एस./डी.एल.बी/24/ दिनांक 8 मार्च 2026 को 7 विष्णु कुमार अधिशाषी अधिकारी-चतुर्थ हाल अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, मनिया को राजाखेड़ा नगर पालिका का अतिरिक्त कार्यभार की जिम्मेदारी सौंपी है।

# गणगौर उत्सव का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** रावणा राजपूत समाज की महिलाओं की ओर से महिला दिवस पर गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया। समाज के नोहरे में महिलाओं की ओर से गणेश पूजन करने के बाद मंदाकिनी महादेव से मेवाड़ी परम्परा के अनुसार सेवरा लाया गया। समाज नोहरे में पारंपरिक गणगौर नृत्य व घूमर नृत्य किए गए। ईसर-गणगौर के रूप में शिव पार्वती की जीवंत झांकी बनाई गई।महिलाओं ने शिव-पार्वती के साथ फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में समाज की 200 से ज्यादा महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# अध्यात्म मार्ग से भटकने पर भी भक्ति नष्ट नहीं होती: ज्ञानेंद्र सिंह

## विश्व गीता प्रतिष्ठान के 'घर-घर गीता प्रचार' अभियान के तहत शांति विहार कॉलोनी में गीता स्वाध्याय

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर/राजाखेड़ा।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम् के 'घर-घर गीता प्रचार हो महाजन अभियान' के अंतर्गत शांति विहार कॉलोनी में गीता स्वाध्याय मंडल भिंड की ओर से गीता स्वाध्याय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य यजमान प्रो. सौरभ पाल ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर की।

मीडिया प्रभारी शैलेश सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में जिला संयोजक विष्णु कुमार शर्मा ने स्वाध्याय पत्र का सामूहिक वाचन कराया। आचार्य प्रमोद कुमार मिश्रा ने सुभाषित वाचन करते हुए बताया कि दूसरों को कष्ट देना पाप और परोपकार करना पुण्य है। वहीं आदित्य चौहान ने कहा कि मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी उसके विचार होते हैं, इसलिए अच्छे विचारों के लिए शास्त्रों का अध्ययन जरूरी है। प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत करते हुए महेंद्र दीक्षित ने बताया कि गुरु की ओर से दी गई शिक्षा जीवन को सदाचार और अच्छे आचरण की ओर प्रेरित करती है। सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार प्रदीप ऋषिश्वर ने गीता में वर्णित कर्मयोग, ज्ञानयोग, ध्यानयोग और भक्ति योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से गीता के विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। प्रमुख समाजसेवी व चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र परिहार ने कहा कि मनुष्य का शरीर ही एक प्रकार का कुरुक्षेत्र है, जहां अच्छाई और बुराई के बीच संघर्ष चलता रहता है। जहां ज्ञान, योग, भक्ति और कर्म का संगम होता है, वहीं विजय निश्चित होती है। गीता के छठे अध्याय के श्लोकों की व्याख्या करते हुए ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि यदि साधक अध्यात्म मार्ग से पथभ्रष्ट भी हो जाए तो उसकी भक्ति नष्ट नहीं होती। भगवान ऐसे साधकों को अगले जन्म में श्रेष्ठ कुल में जन्म देकर उनकी साधना को आगे बढ़ाने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम का समापन मां गीता की आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर सरोज रामकृष्ण बघेला, सत्येंद्र राजावत, राजेश स्थापक, महेश दुबे, रामप्रकाश यादव, इच्छाराम बघेल, मदन सिंह बघेल, अंकित बंसल, कृष्णकांत प्रजापति, वीरेंद्र बघेल, सुरजीत बघेल, प्रमोद बघेल, रविंद्र बघेल, अरविंद बघेल, सुमित बघेल, प्रेम बघेल, शैलेश सक्सेना, महेंद्र दीक्षित, अनूप बघेल, आदित्य चौहान, अंकित बघेल और रमेश चौधरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# तीर्थराज मचकुंड में 11 मार्च को 66 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह

## समाजसेवी अनिल अग्रवाल निभा रहे कन्यादान की मिसाल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** चंबल अंचल सहित आसपास के जिलों की अनाथ, बेहद गरीब और बेसहारा कन्याओं के विवाह की जिम्मेदारी उठाने वाले धौलपुर के मूल निवासी समाजसेवी अनिल अग्रवाल 11 मार्च 2026 को तीर्थराज मचकुंड पर 8वां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने जा रहे हैं। इस आयोजन में तीन धर्मों की 66 जरूरतमंद कन्याओं का विवाह धूमधाम से कराया जाएगा। इनमें 47 हिंदू, 9 मुस्लिम और 10 सिख धर्म की कन्याएं शामिल हैं। विवाह समारोह की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गुरुवार को लाडली जगमोहन मंदिर, मचकुंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी कन्याओं को शगुन स्वरूप लहंगा, ओढ़नी, चुनरी सहित अन्य वस्त्र भेंट किए गए, जिन्हें वे विवाह समारोह में पहनेंगी। समाजसेवी अनिल अग्रवाल इस सामूहिक विवाह में प्रत्येक जोड़े को विवाह के बाद गृहस्थी बसाने के लिए आवश्यक सामग्री भी उपहार स्वरूप देते हैं। इनमें वस्त्र, बेड, अलमारी सहित घर-गृहस्थी का पूरा सामान और सोने-चांदी के जेवरात शामिल रहते हैं। गौरतलब है कि अग्रवाल इससे पहले सात सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर चुके हैं, जिनमें अब तक 511 अनाथ, गरीब और बेसहारा कन्याओं के विवाह कराए जा चुके हैं। यह उनका आठवां आयोजन है। मूल रूप से बजरिया धौलपुर के निवासी अनिल अग्रवाल वर्तमान में वैशाली नगर, जयपुर में निवास करते हैं और वर्षों से इस सामाजिक सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को तीर्थराज मचकुंड में आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह समारोह में राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की 66 कन्याओं के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। कन्याओं को शगुन के वस्त्र भेंट करने के दौरान लाडली जगमोहन मंदिर मचकुंड के महंत कृष्णदास, राजीव सिंघल, धर्मेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं व बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें: ज़िला कलक्टर

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** जिला कलक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डॉ. प्रदीप के. गावडे ने केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं तथा बजट घोषणा वर्ष 2026-27 व 2025-26 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के तहत सायला तहसील की ग्राम पंचायत उनड़ी में 33/11 केवी जीएसएस निर्माण कार्य, आहोर में खेल स्टेडियम का निर्माण, सांचौर में वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर हेतु विकास कार्य, नून ग्राम में एयर स्ट्रिप की मरम्मत, रख रखाव एवं उन्नयन कार्य, जालोर शहर में रिंग रोड निर्माण कार्य, केशवना में घुमंतु-अर्द्धघुमंतु समुदाय के बच्चों के लिए छात्रावास का निर्माण, सांचौर में एग्रो फूड पार्क सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा व खेल मामले विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित, ज़िला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा, वन विभाग के एसीएफ भंवर सिंह सोढ़ा सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

# सुमेरपुर में बढ़ते डायबिटीज- बीपी और कैंसर मामलों पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## एनसीडी कार्यक्रम की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग सुमेरपुर की ओर से राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग (एनसीडी) कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा के लिए सोमवार को पंचायत समिति सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविन्द सिंह चुण्डावत ने की।

डॉ. चुण्डावत ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और बढ़ते तनाव के कारण उच्च रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (डायबिटीज), कैंसर सहित अन्य गैर-संचारी रोगों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में इन रोगों की समय पर पहचान और उपचार बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर एनसीडी क्लिनिक नियमित रूप से संचालित किए जाएं तथा 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों की नियमित स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद गिरी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह स्क्रीनिंग कैंप, मरीजों के पंजीकरण, दवा वितरण, जांच सुविधाओं और मरीजों के फॉलो-अप की समीक्षा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी डीईओ को निर्देश दिए कि एनसीडी पोर्टल पर मरीजों से संबंधित डेटा समय पर अपलोड किया जाए और मरीजों को नियमित रूप से दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं।

जिला नोडल अधिकारी विवेक पाल ने कहा कि गैर-संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सामुदायिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। इसके लिए आशा, एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंच सके।

बैठक में स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए गए कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने, तंबाकू और शराब से दूर रहने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित करें। चिकित्सा विभाग ने आमजन से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और नियमित जांच करवाकर इन बीमारियों से बचाव करें। बैठक में जिला मुख्यालय से सिकंदर कुमावत, ब्लॉक कार्यालय से वरिष्ठ तकनीकी सहायक बिंजा राम मीणा, संदीप सिंह, मोहित कुमार, इमरान खान, विशाल सिंह, पपिया कुमारी, भावना परिहार, खुशबू सिंह सहित उपखंड क्षेत्र के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ, एएनएम और डीईओ उपस्थित रहे।

# महिलाओं को अधिकार व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रोजेक्ट बालवर्धन के अंतर्गत जिले के नंद घरों (आंगनवाड़ी केंद्रों) पर महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। रविवार होने के कारण कार्यक्रम अगले दिन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम JSI व वेदांता के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट बालवर्धन के तहत आयोजित हुआ, जिसमें आईसीडीएस विभाग का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रीति चौधरी और फील्ड कोऑर्डिनेटरों ने किया। इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें समाज में अपनी भूमिका को समझते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं के साथ चर्चा और सहभागिता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने 'नारी शक्ति, देश की शक्ति', 'सशक्त नारी, सशक्त समाज' और 'स्वस्थ नारी, खुशहाल परिवार' जैसे स्लोगन देकर महिला सम्मान और अधिकारों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रीति चौधरी, सहयोगी कोऑर्डिनेटर उदल सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मुनि देवी, आशा सहयोगी मंजू देवी सहित गर्भवती एवं धात्री माताओं, किशोरियों, बच्चों और समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं के साथ सामूहिक फोटो भी ली गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत त्योद समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. त्योद/निविदा / लेखा / 2025-26/47 दिनांक : 06-03-2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 04

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत त्योद के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित/ ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www. eproc. rajasthan. gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

BIN No. - ZJP2526GLOB02822
TENDER ID - 2026_PRD_544059_1

प्रशासक
ग्राम पंचायत त्योद
प.स. सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत त्योद
प.स. सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत मूण्डवाडा समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. मूण्डवाडा/निविदा/ लेखा/2025-26/97 दिनांक : 05/03/26

### ई-निविदा सूचना संख्या 04

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत मूण्डवाडा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित/ ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www. eproc. rajasthan. gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2526GLOB02821
TENDER ID - 2026_PRD_544028_1

प्रशासक
ग्राम पंचायत मूण्डवाडा
प.स. सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मूण्डवाडा
प.स. सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
10 मार्च, 2026

## भुगतान नहीं मिलने से नगर परिषद के ठेकेदार परेशान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालों से भुगतान नहीं मिलने से परेशान नगरपरिषद के ठेकेदार उपखंड अधिकारी के पास पहुंचे और उन्हें अपना दुःखड़ा सुनाया है। ठेकेदारों उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा से मिलने पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर बताया कि 2023 के भुगतान बकाया चल रहे हैं और पेमेंट नहीं होने के कारण हमें काफी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि नए कार्यों का भुगतान कर दिया जाता है। ऐसे में हमारे पुराने भुगतान को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जावे। मामले में उपखंड अधिकारी ने मार्च महीने के बाद समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ठेकेदार भंवरलाल भाटी, हिदायत खां, बसंत पारीक, अहमद खां, सत्यनारायण प्रजापत, इमरान कायमखानी आदि मौजूद रहे।

## बीदासर नगरपालिका को मिला 16 महीने बाद मिला स्थायी अधिशासी अधिकारी

### द्वारका प्रसाद ने संभाला पदभार

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे की नगरपालिका को करीब 16 महीने बाद स्थायी अधिशासी अधिकारी (ईओ) मिल गया है। लंबे समय से स्थायी अधिकारी के अभाव में चल रही नगरपालिका में शुक्रवार को द्वारका प्रसाद ने अधिशासी अधिकारी का प्रभार संभाल लिया। जानकारी के अनुसार बीदासर नगरपालिका अक्टूबर 2024 से फरवरी 2026 तक स्थायी अधिशासी अधिकारी के बिना संचालित हो रही थी। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों को केवल अतिरिक्त कार्यभार देकर जिम्मेदारी सौंपी गई थी। हालांकि कुछ समय बाद ही इन अधिकारियों का तबादला हो जाता था, जिससे प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता नहीं बन पा रही थी। अब आदेशानुसार शुक्रवार को द्वारका प्रसाद को स्थायी रूप से अधिशासी अधिकारी का प्रभार दिया गया है। कस्बे के लोगों को उम्मीद है कि स्थायी अधिकारी मिलने से नगरपालिका के लंबित कार्यों में तेजी आएगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी।



## टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की जीत पर जश्न, एलईडी पर मैच देख मनाई खुशियां



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के वार्ड नंबर 4 स्थित राजपुरोहितों के मोहल्ले में रविवार रात टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले का उत्साह देखने को मिला। मोहल्ले के युवाओं ने एलईडी स्क्रीन लगाकर क्रिकेट प्रेमियों के लिए मैच देखने की व्यवस्था की। बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी व खेल प्रेमी एकत्रित होकर रोमांचक मुकाबले का आनंद लेते रहे। जैसे ही भारतीय टीम ने फाइनल मुकाबला अपने नाम किया, पूरे मोहल्ले में खुशी का माहौल छा गया। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और जोरदार आतिशबाजी कर जश्न मनाया। युवाओं व बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और भारत माता के जयकारों के साथ टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया गया। इस दौरान उपस्थित क्रिकेट प्रेमियों ने कहा कि भारतीय टीम की शानदार जीत से देशभर में खुशी की लहर है। मोहल्ले में सामूहिक रूप से मैच देखने से उत्साह और भी बढ़ गया। देर रात तक लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया।

## ओलंपियाड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** कस्बे में स्थित न्यू राजस्थान स्कूल में जयपुर की मीट्स स्टोर संस्था की ओर से आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, राज्य स्तरीय इस परीक्षा में स्कूल के लोकेश सिंह, लक्ष्य भाकर, अब्दुल अहमद, तनिषा, भूमिका ने जिला स्तर पर अव्वल रहकर स्कूल एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। परीक्षा का आयोजन सूर्यकांत सैनी व सतीश चौधरी के सानिध्य में कराया गया। संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह सिहाग ने सभी छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट और मेडल पहनाकर सम्मान किया और बताया की यह सफलता स्कूल परिवार के लिए गौरव की बात है और हमारे स्कूल परिवार की ओर से इस तरह की प्रतियोगिता अवश्य रूप से कराई जाती है प्रधानाचार्य रविश भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## 28 किलो 250 ग्राम गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बीकानेर की एएनटीपी टीम व सुजानगढ़ कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआई बेगाराम मीणा ने बताया कि एएनटीएफ आईजी विकास कुमार के निर्देश पर बीकानेर की टीम ने प्रभारी महेन्द्र दत शर्मा के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए महेन्द्र कुमार एवं सुभाष कुमार निवासी सुजानगढ़ को ठरड़ा रोड़ सुजानगढ़ से गिरफ्तार कर करीब 15 लाख रूपये का 28 किलो 250 ग्राम गांजा तथा चौबीस हजार रूपये नगद बरामद कर एक मोटरसाइकिल जप्त की है।

### सीएम के निर्देशानुसार खेजड़ी वृक्ष संरक्षण अधिनियम पर चर्चा

# खेजड़ी संरक्षण के लिए राज्य सरकार शीघ्र लाएगी सख्त कानून : जोगाराम पटेल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राज्य वृक्ष खेजड़ी के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से सख्त कानून लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जयपुर स्थित राजकीय आवास पर संसदीय कार्य व विधि मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें खेजड़ी वृक्ष संरक्षण अधिनियम का प्रारूप तय करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, वन व पर्यावरण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, उद्योग राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई, विधायक पब्बाराम बिश्नोई, जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, पूर्व विधायक बिहारी लाल बिश्नोई सहित विधि विभाग व अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पर्यावरण प्रेमियों, साधु-संतों तथा आमजन की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए खेजड़ी वृक्षों की अवैध कटाई रोकने और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत बनाने के लिए सख्त व प्रभावी कानून शीघ्र लाने पर विस्तृत मंथन किया गया। सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने राज्य वृक्ष खेजड़ी के संरक्षण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए तथा इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रभारी मंत्री व संसदीय कार्य तथा विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राज्य वृक्ष खेजड़ी राजस्थान की संस्कृति, पर्यावरण और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा है। प्रदेश की मरुस्थलीय पारिस्थितिकी में इसका विशेष महत्व है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनभावनाओं और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए खेजड़ी वृक्षों की अवैध कटाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त और प्रभावी कानून लाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बैठक में अधिनियम के प्रारूप को लेकर विस्तृत चर्चा की गई है तथा इसके लिए विशेषज्ञों और अधिकारियों की समिति गठित की गई है, जो विभिन्न राज्यों में लागू कानूनों का अध्ययन कर जल्द से जल्द खेजड़ी संरक्षण से संबंधित अधिनियम का प्रारूप तैयार करेगी। श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण प्रेमियों, साधु-संतों तथा आमजन की भावनाओं का सम्मान करते हुए ऐसा मजबूत कानून लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे खेजड़ी वृक्षों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रदेश की पर्यावरणीय विरासत सुरक्षित रह सके। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अनुमति से जन आकांक्षाओं और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार की ओर से खेजड़ी संरक्षण के लिए विशेष अधिनियम लाने के निर्णय के तहत वृक्ष संरक्षण अधिनियम का प्रारूप तैयार करने के लिए इस समिति का गठन किया गया है। समिति देश के विभिन्न राज्यों में लागू वृक्ष संरक्षण संबंधी कानूनों का तुलनात्मक अध्ययन, अधिनियम का प्रारूप तैयार करते समय आवश्यकतानुसार संबंधित हितधारकों से परामर्श तथा वृक्ष संरक्षण से जुड़े विभिन्न न्यायिक निर्णयों और वर्तमान कानूनी प्रावधानों का अध्ययन करते हुए प्रभावी प्रारूप प्रस्तावित करेगी जिसकी आगामी पुन: बैठक दिनांक 11 मार्च को आयोजित होगी।

## सादुलपुर कोर्ट परिसर में 'साइबर कथा' कार्यक्रम

### वकीलों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निस)।** सादुलपुर कोर्ट परिसर स्थित बार एसोसिएशन में सोमवार को बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर टीम हैश फाउंडेशन की ओर से साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम 'साइबर कथा' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आरकेसीएल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें कुल 62 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में अधिवक्ता, आम नागरिक और स्टाफ सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को साइबर खतरों, ऑनलाइन सुरक्षा उपायों और डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान विशेषज्ञ तुषार व्यास, भवानी और हर्षिता सोनी ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने फिशिंग, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियां और फर्जी लिंक से बचने के उपायों के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने फोन हैक होने की स्थिति में अपनाए जाने वाले कदमों और साइबर ठगी से सुरक्षित रहने के तरीकों की जानकारी भी दी। साथ ही प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा से जुड़े उपयोगी टूल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट अजीत पचार, एडवोकेट गायत्री पूनिया, मुकेश आर्य, पुष्पकांत शर्मा, हेमराज पूनिया, चरण सिंह गुलपुरा, शिव मंगल, सुभाष जोइया, बलवीर जांगिड़, मुकेश रामपुरा सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। टीम हैश फाउंडेशन के संयोजक ने बताया कि यह पहल ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को साइबर अपराधों से बचाने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का हिस्सा है। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने इसे उपयोगी बताते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया।

## होली की रात होटल मालिक की हत्या : 25 फरवरी से रची जा रही थी साजिश, बोले-खेलेंगे खून की होली

### बीदासर में मुनी मंडा हत्याकांड में नए खुलासे; मास्टरमाइंड देवीसिंह ने लाखों रुपए देकर रची वारदात, आई-20 व कैम्पर गाड़ी जब्त

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे में होली की रात होटल मालिक मुनी मंडा की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस जांच में लगातार चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। डीएसपी नेमीचंद चौधरी ने रविवार को बताया कि पीसी रिमांड पर चल रहे आरोपी सुभाष गोदारा और लेखराज कड़वासरा से पूछताछ में सामने आया है कि इस हत्या की साजिश 25 फरवरी से ही रची जा रही थी। पुलिस जांच के अनुसार इस पूरी वारदात का मास्टरमाइंड देवीसिंह बताया जा रहा है। उसने राजाराम और धनाराम को हत्या के लिए लाखों रुपए का भुगतान किया था। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आरोपियों को कितनी राशि दी गई थी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इतनी बड़ी रकम आखिर कहां से आई। जांच के दौरान रुपयों के लेन-देन और योजना बनाने में इस्तेमाल की गई आई-20 कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं घटना के दिन सुभाष गोदारा और लेखराज की ओर से होटल और मुनीराम की रेकी के लिए इस्तेमाल की गई कैम्पर गाड़ी भी पुलिस ने बरामद कर ली है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि मास्टरमाइंड देवीसिंह ने वारदात से पहले ही खुद को बचाने की योजना बना ली थी। उसने अपने साथियों से कहा था कि वह 2 तारीख को दिन में हरियाणा या दिल्ली के किसी पुलिस थाने में खुद को बंद करवा लेगा, जबकि राजाराम और अन्य लोग रात में हत्या की वारदात को अंजाम देंगे। इससे वह खुद भी बच जाएगा और अन्य आरोपी भी आसानी से फरार हो सकेंगे। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि देवीसिंह कहीं हरियाणा या किसी अन्य राज्य में अपने नाम या किसी दूसरे नाम से हिरासत में तो नहीं है। जांच में यह भी सामने आया कि धनाराम को जो कैम्पर गाड़ी दिलवाई गई थी, उसे देवीसिंह और कमल खेरिया ने दिलाया था। गाड़ी लेने के लिए कमल खेरिया ही धनाराम के साथ सुजानगढ़ गया था। धनाराम ने कुछ किस्तें जमा भी करवाई थीं, लेकिन करीब 14 जनवरी के आसपास देवीसिंह ने उसे किस्तें भरने से मना कर दिया था। उसने कहा था कि यह आर-पार की लड़ाई है और इसमें उसकी जान भी जा सकती है, इसलिए किस्तों में पैसे खर्च करने का कोई फायदा नहीं है।

## टी20 विश्व कप फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करने पर मनाई खुशी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** भारत टीम की ओर से टी20 विश्व कप फाइनल मुकाबला जीतने पर वार्ड 16 सहित शहर में जीत की खुशी मनाई गई। इस अवसर पर क्रिकेट प्रेमियों ने भारत की जीत के साथ ही पटाखे छुड़ाएं और भारतीय टीम के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। क्रिकेट प्रेमी ताराचंद सैनी और लीलाधर दानोदिया ने बताया कि भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप जीतने के साथ-साथ सभी भारतीय प्रशंसकों को खुश कर दिया है। भारतीय टीम जब शुरू में बैटिंग करने उतरी तभी से लगने लग गया था कि भारत निश्चित तौर पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि हमने भारतीय टीम की जीत पर जमकर जश्न मनाया है और जमकर आतिशबाजी की है। इस अवसर पर पूरे मोहल्ले के लोगों ने एक बड़ी एलइडी लगाकर पूरे मैच का लाइव प्रसारण देखा। इस अवसर पर प्रदीप जांगिड़, नोरतन चौधरी, शंकर प्रजापत, देव प्रजापत, रोहित सैनी, सोहनलाल बागड़ी सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग उपस्थित रहे। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 96 रन से पटखनी देकर तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। हिस्ट्री को डिफीट और रिपीट करने के नारे के साथ टूर्नामेंट में उतरी टीम इंडिया ने मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 255 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था और न्यूजीलैंड के सामने खिताबी जीत के लिए 256 रन का विशाल लक्ष्य रखा। ऐसे में कीवी टीम सवा लाख दर्शकों के सामने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी और 19 ओवर में 159 रन पर ढेर हो गई। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया बतौर मेजबान टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली और तीन बार ट्रॉफी पर कब्जा करने वाली पहली टीम बन गई है।

## राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक : दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अधिवक्ता परिषद राजस्थान, जयपुर प्रांत की उच्च न्यायालय इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उच्च न्यायालय परिसर स्थित सतीश चंद्र सभागार में 'महिला सशक्तिकरण में कानून की भूमिका: राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदर्भ में' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज में न्याय, समानता और सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त आधार प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता और न्यायिक क्षेत्र में उनकी बढ़ती भागीदारी न केवल राष्ट्र की प्रगति का सूचक है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता को और अधिक मजबूत बनाती है। उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित महिला अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए उन्हें महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनती हैं, तो समाज में व्यापक और समावेशी विकास के मार्ग प्रशस्त होते हैं।
कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय संगठन मंत्री हारीबोरिकर ने महिलाओं की आजादी के बाद से लेकर आज तक विभिन्न क्षेत्रों में निभाई जा रही महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया है और वे राष्ट्र निर्माण की मुख्य धारा का अभिन्न अंग हैं। इस अवसर पर एडिशनल सॉलिसिटर जनरल, भारत सरकार भरत व्यास, एडिशनल एडवोकेट जनरल, राजस्थान माही यादव, कोटा पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम सहित कई अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कमल परसवाल, जयपुर प्रांत अध्यक्ष प्यारेलाल, प्रांत महामंत्री अभिषेक, उच्च न्यायालय इकाई के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन और महामंत्री धर्मेंद्र बराला ने भी विचार व्यक्त किए।
कार्यक्रम में न्याय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 35 से अधिक महिला अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन महिलाओं के प्रोत्साहन का प्रतीक था, जो कानून के शासन को मजबूत करने और समाज में न्याय की अलख जगाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन उच्च न्यायालय इकाई की मंत्री मीनल भार्गव और कार्यकारिणी सदस्य गुंजन चावला ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता व मातृशक्ति उपस्थित रही।

### आयुक्त ने 10 दिन में समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

# पेयजल समस्या से आक्रोशित लोगों ने शिवबाड़ी सड़क मार्ग पर लगा दिया जाम

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय शिवबाड़ी रोड़ पर स्थित नाथोतालाब के पम्प हाउस के पास आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने सड़क जाम कर दी। दरअसल यहां पर समय पर न तो नालों की सफाई हुई है और न ही पानी की सप्लाई में स्वच्छ पेयजल आ रहा है। बदबू के आलम से परेशान लोगों ने दिन में करीब साढ़े 11 बजे आम रास्ता तीनों साईड से रस्सियां लगाकर बंद कर दिया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस थाने के एएसआई नंदकिशोर मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाईश के प्रयास किए। इस दौरान कुछ लोगों में इस बात को लेकर आपसी जिद बहस भी हुई कि हमें यहीं पर धरना देना चाहिए या फिर नगरपरिषद पर जाकर ज्ञापन देना चाहिए। कुछ देर समझाईश के बाद पुलिस वहां से चली गई। लोग इस बात को लेकर अड़े रहे कि नगरपरिषद के अधिकारियों को मौके पर ही बुलाया जाए। दूसरी ओर मौके पर पंप हाउस को चलाने के लिए एक कार्मिक भी आया और उसने बताया कि पम्प ने एयर ले ली थी, जिसके चलते यह बंद था। लोगों ने बताया कि पम्प हाउस में एक मोटर तो परमानेंट ही खराब पड़ी है। दूसरी ओर मोहल्ले की महिलाओं मुमताज बानो, बरकत बानो, मंजू देवी, रतनी आदि ने बताया कि पिछली बारिश से काफी बदतर हालत इस बार की बारिश की सीजन के बाद होगी, क्योंकि अभी तक पानी निकासी के लिए कोई दूसरी पाईप लाईन नहीं डाली गई है। न ही मोहल्ले के नालों की समय पर सफाई की जाती है, जिसके कारण गंदा पानी सड़कों पर आ जाता ह और लोगों में काफी आक्रोश है। वहीं अन्य लोंगों ने बताया कि नाथोतालाब के भराव क्षेत्र में प्रशासन रोज नए निर्माण करवा रहा है और पानी भराव की क्षमता घटाई जा रही है, जिसके कारण अब हर साल लोगों के घरों में पानी भरेगा और लोगों को लाखों का नुकसान होगा। लोगों ने कहा कि सेल्फी पोईंट विकसित करने के चक्कर में हमारे घरों को डुबाने की तैयारियां चल रही हैं। इस दौरान सुआ, हेमलता शर्मा, छोटरी, शहनाज, सरीफन, हसीना, हीना बानो सहित अनेक महिलाए व मोहल्ले के लोग मौजूद रहे। दूसरी ओर इस मामले में शाम को करीब पौने पांच बजे आयुक्त ने 10 दिनों में समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया, तब जाकर लोगों ने रास्ता खोला और आम सहमति बनी।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।